शुक्रवार, 1 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 31 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदयः 05:04 | सूर्यास्तः 18:02 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



निजी स्कूल अभिभावकों को किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते: रेखा गुप्ता पृष्ठ 7

सुविचार : असफलता एक पड़ाव आगे बढ़ने पर सफलता जरूर मिलेगी।

## चुनाव के नतीजों से पहले ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों पर सियासी घमासान

# तृणमूल नेताओं ने ईवीएम स्ट्रांगरूम के बाहर दिया धरना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदान एजेंट से ईवीएम स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी करने की अपील किए जाने के बाद पार्टी उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा ने गुरुवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में अनियमित गतिविधियों का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया। यह मामला उस समय और गरमा गया जब भाजपा के मानिकतला उम्मीदवार तापस रॉय, चौरंगी से पार्टी प्रत्याशी संतोष पाठक के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से सवाल किया कि उन्होंने इतने संवेदनशील स्थल पर तृणमूल के कार्यकर्ताओं को इकट्ठा होकर नारेबाजी करने की अनुमति क्यों दी। इस दौरान शहर में तेज बारिश के बीच दोनों पक्षों के समर्थक 'जय बांग्ला' और उसके जवाब में 'जय श्री राम' के नारे लगाते रहे, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और सुरक्षा बलों को हालात को काबू में रखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तृणमूल के नेताओं ने आरोप लगाया कि सीसीटीवी कैमरों से लाइव-स्ट्रीम किए गए फुटेज में स्ट्रांग रूम के अंदर बाहरी लोगों की मौजूदगी दिखाई दी, जो मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। बेलेघाटा से तृणमूल उम्मीदवार घोष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक दोपहर 3:30 बजे तक स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद थे। अचानक एक ईमेल आया, जिसमें बताया गया कि स्ट्रांगरूम शाम 4 बजे फिर से खोला जाएगा। हमने अपने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया और उन्होंने कहा कि वे जा चुके हैं। इसके बाद, हम तुरंत वहां पहुंचे। अब हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा है। घोष ने प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लाइव स्ट्रीमिंग में स्ट्रांगरूम के अंदर की गतिविधियां दिखाई दे रही थीं। उन्होंने कहा कि मतपत्र अंदर ले जाए जा रहे हैं। फिर भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कह रहे हैं कि कुछ नहीं हो रहा है। अगर डाक मतपत्रों से जुड़ी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं, तो वे आए कहां से? अगर ईमेल भेजा गया था, तो हमें सूचित क्यों नहीं किया गया? श्यामपुकुर से पार्टी प्रत्याशी पांजा ने भी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्ट्रांगरूम बेहद संवेदनशील होता है। अगर इसे खोला जाता है, तो सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाना चाहिए। किसी को सूचित क्यों नहीं किया गया?

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

**सूचना**

मजदूर दिवस के अवसर पर समाज्ञा कार्यालय में आज अवकाश रहेगा। अत: समाज्ञा का अगला अंक रविवार को प्रकाशित होगा। –सम्पादक

### भाजपा ने टीएमसी पर अफवाह फैलाने का लगाया आरोप



दूसरी तरफ, भाजपा ने तृणमूल के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें अफवाह करार दिया है। भाजपा नेता व कोलकाता की मानिकतल्ला सीट से प्रत्याशी तापस राय ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल अपनी संभावित हार को देखते हुए माहौल बनाने के लिए झूठे आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तीन-स्तरीय व्यवस्था मौजूद है और किसी भी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। राय ने यह भी कहा कि स्ट्रांग रूम के बाहर धरना-प्रदर्शन या नारेबाजी नियमों के खिलाफ है और इस पर सवाल उठाया कि ऐसी अनुमति कैसे दी गई।

### चुनाव आयोग ने आरोपों को किया खारिज




निर्वाचन आयोग ने केंद्र में मतदान सामग्री को अपने हिसाब से प्रबंधित करने से संबंधित आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन किया गया और स्ट्रांगरूम सुरक्षित हैं। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि खुदीराम अनुशीलन केंद्र के अंदर विधानसभा क्षेत्रवार सात स्ट्रांगरूम हैं, जिनमें से सभी को मतदान पूरा होने के बाद उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंट और सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बंद कर दिया गया है और सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंतिम स्ट्रांगरूम को गुरुवार की सुबह करीब 5:15 बजे सील कर दिया गया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसी परिसर के भीतर एक अलग स्ट्रांगरूम डाक मतपत्रों के लिए निर्धारित किया गया है, जहां विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से मतपत्रों को संग्रहीत किया गया है, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीबीपीएस) के माध्यम से प्राप्त मतपत्र भी शामिल हैं। आयोग ने कहा कि हमने सभी पर्यवेक्षकों और निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) को सूचित कर दिया था और आरओ से अनुरोध किया था कि वे उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को तदनुसार सूचित करें। आरओ ने भी ईमेल के माध्यम से राजनीतिक दलों को सूचित कर दिया था। कथित वीडियो में दिखाई देने वाली गतिविधि के बारे में निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रक्रिया के हिस्से के रूप में शाम 4 बजे से स्ट्रांगरूम के बाहर गलियारे में मतपत्रों को अलग करने का काम किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि सभी स्ट्रांगरूम को सुरक्षित रूप से सील कर दिया गया है और पांजा, घोष तथा भाजपा के एक प्रतिनिधि सहित विभिन्न प्रतिनिधियों को सभी व्यवस्थाएं दिखाई गईं। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया है। उसने जनता से आग्रह किया कि वह सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट सामग्री से गुमराह न हो।

## दुष्कर्म पीड़िताओं की गर्भावस्था समाप्त करने संबंधी कानून में संशोधन पर विचार करे केंद्र : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 15 वर्षीय लड़की को 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति देने वाले अपने आदेश को रद्द करने का अनुरोध करने वाली एम्स की याचिका पर बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जतायी और केंद्र सरकार से बलात्कार पीड़िताओं को 20 सप्ताह से अधिक अवधि के बाद भी अनचाहे गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन पर विचार करने को कहा। न्यायालय ने कहा कि जब गर्भधारण बलात्कार के कारण हुआ हो, तो उसके लिए कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए। उसने जोर देकर कहा कि कानून को प्रासंगिक और बदलते समय के अनुरूप होना चाहिए।

## 'किसी को ईवीएम लूटने नहीं देंगे', भवानीपुर में स्ट्रांग रूम के दौरे के बाद ममता ने दी चेतावनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को भवानीपुर के एक ईवीएम 'स्ट्रॉन्ग रूम' का दौरा कर धांधली का आरोप लगाया और और चेतावनी दी कि मतगणना प्रक्रिया से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाए। दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल में अपने विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर के मतगणना केंद्र में करीब चार घंटे बिताने के बाद ममता रात करीब 12.07 बजे वहां से निकलीं। उन्होंने कहा कि निर्दिष्ट मतगणना क्षेत्र में केवल एक व्यक्ति को जाने की इजाजत दी जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वहां या तो उम्मीदवार या कोई एक एजेंट रुक सकता है। मैंने मीडिया के लिए भी एक सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिया है। पारदर्शिता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के वोटों को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। मैं शिकायतें मिलने के बाद यहां पहुंची। केंद्रीय बलों ने शुरू में मुझे घुसने नहीं दिया। मतगणना से पहले कड़े सुर में उन्होंने कहा कि अगर मतगणना प्रक्रिया से छेड़छाड़ का कोई इरादा है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे एजेंट्स का उत्पीड़न किया गया। हमारे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई और उनके साथ खराब व्यवहार किया गया। उन्होंने चुनाव आयोग की धमकी देते हुए कहा कि मतगणना करने के लिए ये लोग गुजरात से आए हैं, ये हमारा इलाका है। हम एक इशारे पर 10 हजार लोग यहां खड़ा कर सकते हैं।

## विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग 77 बूथ पर पुनर्मतदान की मांग के संबंध में कर रहा विचार

### विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को निरीक्षण के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग राज्य में 29 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के चुनाव के बाद दक्षिण 24 परगना जिले की चार विधानसभा सीटों के 77 बूथ पर पुनर्मतदान की मांग के संबंध में सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग को पुनर्मतदान के लिए कुल 32 शिकायतें पलता से मिलीं, इसके बाद डायमंड हार्बर से 29, मगरहाट से 13 और बजबज से तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद सामने आई शिकायतों में ईवीएम से छेड़छाड़, मशीनों पर संदिग्ध पदार्थों के इस्तेमाल और निगरानी कैमरों को बाधित करने के प्रयासों के आरोप शामिल हैं। शिकायतों की संख्या और प्रकृति को देखते हुए, आयोग कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को पुनर्मतदान पर किसी भी अंतिम निर्णय से पहले मौके का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। गुप्ता वर्तमान में कई मतदान केंद्रों पर संभावित पुनर्मतदान के संबंध में निर्णय लेने के लिए जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं, और साथ ही वह अन्य पर्यवेक्षकों के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। गुप्ता के निरीक्षण के बाद आयोग पुनर्मतदान पर अंतिम निर्णय लेगा। अधिकारियों ने बताया कि यदि आवश्यक हुआ तो प्रभावित मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को ही पुनर्मतदान कराया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि निर्देश स्पष्ट हैं। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले सभी परिस्थितियों का जमीनी स्तर पर आकलन किया जाए।

### कच्चे तेल का वायदा भाव रिकॉर्ड 10,571 रुपये प्रति बैरल, ब्रेंट 126 डॉलर के पार

**नयी दिल्ली :** वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 445 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड 10,571 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। वहीं, वैश्विक बाजारों में ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर विचार करने की रिपोर्ट के बाद से कच्चे तेल के दाम में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 445 रुपये यानी 4.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 10,571 रुपये प्रति बैरल हो गया। इससे लगातार चौथे सत्र में कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी बनी रही। विश्-लेषकों ने कहा कि तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी इन खबरों के बाद आई कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के विकल्पों पर संभावित जानकारी दी जा सकती है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। वैश्विक स्तर पर, कचचातेल के जून अनुबंध वाले ब्रेंट ऑयल की वायदा कीमत ने लगातार नौवें कारोबारी सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी।

Chairman
Trustees and Management of
Kalyan Bharti Trust
**Congratulate**
The Staff, Students
and Well-wishers for meeting its commitment
towards the quest for excellence

The Heritage School, Eastern India's leading day-boarding School, established in 2001, is known for its outstanding infrastructure and experienced faculty. The School continues to set new benchmarks in scholastic achievements.

*We still have many promises to keep....and, miles to go.....*




The School offers the following academic qualifications
ICSE | ISC | IBDP | IGCSE | Cambridge Lower Secondary Curriculum

Diploma Programme | CAMBRIDGE International Education | Cambridge International School

The Heritage School
A Co-educational, Inclusive Day-boarding School
(ISO 22000 : 2005 Certified)
994, Madurdaha, Chowbaga Road, Anandapur, Kolkata - 700 107
+91 33 66270555 | 9830022250 admissions@theheritageschool.org www.theheritageschool.org
Nurturing Excellence

ISC TOPPERS 2026




ILINA RAJKUMAR UDANI – HUMANITIES
GITESH KUMAR JHA – SCIENCE
ARUSHI BAUL – SCIENCE
NOYONIKA ROY – COMMERCE

ICSE TOPPERS 2026




SHREYANSH DAS
AARAV GOENKA
SWAPNIL PAL
VIDUSHI TOSHNIWAL

RESULTS AT A GLANCE

TOTAL STUDENTS

| ICSE 2026 | | ISC 2026 | |
|---|---|---|---|
| Appeared | 193 | Appeared | 205 |
| Passed | 193 | Passed | 205 |
| 95% & above | 47 | 95% & above | 52 |
| 90% - 94% | 72 | 90% - 94% | 42 |
| 80% - 89% | 55 | 80% - 89% | 66 |
| 70% - 79% | 17 | 70% - 79% | 38 |
| below 70% | 02 | below 70% | 07 |

Other Educational Initiatives :
Heritage Institute of Technology www.heritageit.edu
Heritage Business School www.hbs.edu.in
The Heritage Academy www.tha.edu.in
Heritage Law College www.hlc.edu.in
The Heritage College www.thc.edu.in

## गहन चिकित्सा देखभाल के संवेदनशील दिशानिर्देश

अक्सर ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं कि देश के किसी भाग में किसी निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मरीज के ठीक होने या ठीक होने की संभावना के बावजूद उसे डिस्चार्ज नहीं किया जाता है। वजह होती है कि अस्पताल का अनवरत गति से चलने वाला कमाई का मीटर। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था का मानवीय व संवेदनशील होना अपरिहार्य है। इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। उन्हें अन्य सामान्य वार्डों में स्थानांतरित किया जा सकता है। निश्चित रूप से न्यायालय के ये निर्देश चिकित्सकीय और नैतिक दोनों ही हैं। जो बताते हैं कि जरूरी न होने के बावजूद मरीज को लंबे समय तक आईसीयू में रखना अनुचित है। यह एक हकीकत है कि मानकीकृत आईसीयू प्रोटोकॉल के अभाव में एक अस्पष्ट स्थिति पैदा हो जाती है, जिसकी वजह से मरीज से जुड़े निर्णय असमंजस का शिकार होकर रह जाते हैं। वास्तव में आईसीयू में भर्ती मरीजों के तिमारदारों को चिकित्सा प्रक्रिया की गहन जानकारी अक्सर नहीं होती है। वे केवल चिकित्सक के दिशा-निर्देशों पर ही निर्भर होकर रह जाते हैं। यही वजह है कि अस्पताल प्रबंधन के रहमो-करम पर मरीज को महंगे आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती रहने के बावजूद मरीज को उपचारीय लाभ नहीं मिल रहा होता है।

सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। इस दिशा में व्यवस्थागत मुद्दों पर जोर दिया गया है, जिसमें नर्स व मरीज के अनुपात, विशेषज्ञ पर्यवेक्षण, मानक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कराना एक सराहनीय पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे देश में जहां स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में भारी असमानता है, ये न्यूनतम मानदंड अधिक न्यायसंगत देखभाल के लिए आधार बन सकते हैं। सही मायनों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और समयबद्ध कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। साथ ही निर्देश नीति के क्रियान्वयन हेतु तत्परता दिखानी चाहिए। लेकिन विगत के अनुभव बताते हैं कि एक अच्छे इरादे वाली कार्ययोजना तब अपने लक्ष्य पाने में विफल हो जाती हैं जब उसका क्रियान्वयन आधे-अधूरे ढंग से किया जाता रहा है। निश्चित रूप से निगरानी ढांचे और समन्वित राष्ट्रीय स्तर की कार्रवाई पर अदालत की पहल सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसकी अनुपालन की सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्त पोषण और प्रशासनिक क्षमता पर निर्भर करेगी। साथ ही दक्षता के अलावा, मानवीय पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। गहन चिकित्सा कक्ष में लंबे समय तक भर्ती रहना मरीजों और उनके परिवारों के लिए बेहद कष्टदायक होता है। स्थिर मरीजों को कम स्तर पर देखभाल की जरूरत वाले वार्डों में स्थानांतरित किए जाने से न केवल अनावश्यक चिकित्सा खर्च बचता है। बल्कि यह मानवीय दृष्टिकोण का भी परिचायक है। निश्चित रूप से आईसीयू के लिए एकसमान मानदंड लागू करने का प्रयास भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने और तर्कसंगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने वाला साबित हो सकता है।

# राजनीति: अनुमान का अहंकार, जनादेश का अपमान



डॉ घनश्याम बादल

बंगाल असम पुडुचेरी तमिलनाडु एवं केरल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। मतदान की धूल अभी बैठी भी नहीं है और टीवी स्टूडियो की रोशनी तेज हो गई है, ग्राफिक्स चमकने लगे हैं, और तथाकथित एग्जिट पोल देश के सामने भविष्यवाणी का परोसा हुआ थाल लेकर हाज़िर हो हैं।

दावा यह कि जनता ने क्या फैसला किया है, वे बता देंगे, वह भी आधिकारिक मतगणना से पहले। लेकिन हर चुनाव के बाद वही पुराना सवाल सिर उठाता है कि ये एग्जिट पोल वास्तव में सार्थक हैं, या फिर यह महज़ एक व्यवस्थित भ्रम है, जो लोकतंत्र के धैर्य और गंभीरता के साथ खिलवाड़ करता है?

एग्जिट पोल की मूल अवधारणा सरल है- मतदान केंद्र से बाहर निकलते हुए मतदाताओं से पूछना कि उन्होंने किसे वोट दिया। इस सैंपल के आधार पर पूरे राज्य या देश का अनुमान तैयार किया जाता है। सुनने में यह वैज्ञानिक लगता है, पर ज़मीन पर इसकी विश्वसनीयता अक्सर संदिग्ध साबित होती है। हालिया पांच राज्यों के चुनावों में भी अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल एक-दूसरे से इतने भिन्न हैं कि आम दर्शक के लिए यह तय करना मुश्किल है कि किसे सच माना जाए और किसे कल्पना।

सवाल उठता है कि जब एक ही चुनाव के लिए अलग-अलग एग्जिट पोलअलग तस्वीर पेश करते हैं, तो इनकी उपयोगिता क्या है? और उनकी ज़रूरत भी क्या है?

अगर एक एजेंसी किसी दल को स्पष्ट बहुमत देती है और दूसरी उसे सत्ता से बाहर दिखाती है, तो यह केवल डेटा का अंतर नहीं, बल्कि पद्धति की खामी, नमूने की सीमाएं और कभी-कभी पूर्वाग्रहों का संकेत है। सच तो यह है कि एग्जिट पोल का विज्ञान अक्सर अपने ही दावों के बोझ तले दब जाता है।

एग्जिट पोल की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सैंपल है। भारत जैसा विविधताओं से भरा देश, जहां भाषा, जाति, धर्म, क्षेत्रीयता और स्थानीय मुद्दे मतदान के व्यवहार को प्रभावित करते हैं, वहां कुछ हज़ार लोगों से पूछकर करोड़ों मतदाताओं का रुझान तय कर देना बौद्धिक अतिसरलीकरण है। ऊपर से, हर मतदाता सच बोल ही दे, यह मान लेना भी एक तरह की भोली उम्मीद है। कई लोग झिझकते हैं, कुछ जानबूझकर गलत बताते हैं, और कुछ तो बातचीत से ही बचते हैं। ऐसे में जो डेटा मिलता है, वह आधा-अधूरा और कई बार भ्रामक होता है।

अब आती है नैरेटिव की राजनीति। एग्जिट पोल केवल आंकड़े नहीं होते, वे माहौल बनाते हैं। अगर किसी दल को भारी बहुमत दिखा दिया जाए, तो वह जीत की छवि गढ़ता है; अगर किसी को हारता हुआ बताया जाए, तो उसके समर्थकों में निराशा फैलती है। यह मनोवैज्ञानिक खेल है, जिसका असर बाजार से लेकर राजनीतिक रणनीति तक पर पड़ता है। शेयर बाजार की हलचल, गठबंधन की बातचीत, यहां तक कि कार्यकर्ताओं का मनोबल,सब कुछ इन अनुमानों से प्रभावित होता है। यानी, एग्जिट

### एग्जिट पोल:

पोल केवल सूचना नहीं देते, वे एक खास किस्म का और खास वर्ग या दल के लिए कूट रचित प्रभाव भी पैदा करते हैं।

यहीं पर एग्जिट पोल की नैतिकता पर सवाल खड़े होते हैं। क्या लोकतंत्र में जनादेश आने से पहले ही उसकी दिशा तय करने का यह प्रयास उचित है? क्या यह मतदाताओं के फैसले के प्रति अधीरता नहीं है? चुनाव एक गंभीर प्रक्रिया है, जिसमें जनता अपनी संप्रभुता का प्रयोग करती है। उस फैसले को आधिकारिक रूप से सामने आने देने के बजाय, अगर हम अनुमान के आधार पर ही निष्कर्ष गढ़ने लगें, तो यह प्रक्रिया की गरिमा को कम करता है।

अब सवाल यह भी है कि एग्जिट पोल होते क्यों हैं? मीडिया के लिए यह टीआरपी का बड़ा साधन है। चुनाव जैसे बड़े इवेंट के बाद दर्शकों की उत्सुकता चरम पर होती है, और एग्जिट पोल उस उत्सुकता को तुरंत संतुष्ट करने का दावा करते हैं। राजनीतिक दलों के लिए भी यह एक तरह का टेस्ट रन होता है-वे अपने कार्यकर्ताओं को संदेश देने, संभावित रणनीतियों पर विचार करने और सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। यानी, एग्जिट पोल एक उद्योग बन चुके हैं,जहां आंकड़े भी बिकते हैं और उम्मीदें भी।

लेकिन क्या इस उद्योग की कोई जवाबदेही है? जब एग्जिट पोल गलत साबित होते हैं,और ऐसा बार-बार होता है, तो क्या कोई ठोस आत्ममंथन होता है? क्या उनकी कोई ज़िम्मेदारी तय की जाती है ? शायद ही कभी बल्कि कहिए कभी नहीं।

अगले चुनाव में वही यह कुछ और नई एजेंसियां फिर नए दावे लेकर आ जाती हैं, यह बताता है कि एग्जिट पोल की विफलता भी उनके अस्तित्व के लिए बाधा नहीं है, क्योंकि उनका असली उद्देश्य सटीकता नहीं, बल्कि खास उद्देश्य वाली उपस्थिति है।

यह कहना भी पूरी तरह सही नहीं होगा कि एग्जिट पोल का कोई मूल्य ही नहीं है। अगर इन्हें बहुत सावधानी, पारदर्शिता और सीमाओं के स्पष्ट उल्लेख के साथ पेश किया जाए, तो ये एक संकेत दे सकते हैं, मगर परिणाम तो कदाचित नहीं। समस्या तब पैदा होती है जब इन्हें अंतिम सत्य की तरह परोसा जाता है, जब एंकर और विश्लेषक इन्हें निर्णायक मानकर बहस छेड़ देते हैं, और जब दर्शक इन्हें जनादेश का विकल्प समझने लगते हैं।

इसलिए ज़रूरत है एक संतुलित दृष्टिकोण की। एग्जिट पोल को पूरी तरह प्रतिबंधित करना भी व्यावहारिक नहीं है, लेकिन इन्हें नियंत्रित और जवाबदेह तो बनाना ज़रूरी है। उनकी पद्धति, सैंपल साइज, त्रुटि की संभावना, इन सबको स्पष्ट रूप से सामने लाया जाना चाहिए। साथ ही, मीडिया को भी यह समझना होगा कि सनसनी और सूचना के बीच एक महीन रेखा होती है, जिसे पार करना आसान है, लेकिन उसके परिणाम लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं होते।

अंततः, लोकतंत्र का सबसे बड़ा सच यही है कि जनता का फैसला वही है जो मतगणना के बाद सामने आता है, न उससे पहले, न उसके इर्द-गिर्द। एग्जिट पोल इस सच के आसपास मंडराते अनुमान भर हैं। उन्हें सच का विकल्प बनाना, या उनके आधार पर निष्कर्ष गढ़ना, एक तरह से उस जनादेश का अपमान है, जिसे हम सबसे ऊपर मानते हैं।

एग्जिट पोल की बहस को एक वाक्य में समेटें तो बात साफ है,जहां सटीकता संदिग्ध हो, वहां दावे बेमानी हो जाते हैं; और जहां दावे बेमानी हों, वहां उनका शोर गैर-ज़रूरी हो जाता है।बहुत ही स्पष्ट कहा जाए तो यें एग्जिट पोल और उनके पीछे के आका अपने हाथों में लेना चाहते हैं मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का मनोवैज्ञानिक नियंत्रण। अनावश्यक रूप से प्रभावित करते हैं आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक माहौल को । दो टूक शब्दों में - झूठे बेमानी और गैरज़रूरी हैं एग्जिट पोल । इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एजेंसियों व सोशल मीडिया मंचों ने ने बना लिया है उद्योग।

-स्वतंत्र पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक

# मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवतः यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थायी हैं, अतः विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुईं तो उस समय के शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।

सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात

### बुद्ध पूर्णिमा (1 मई) पर विशेष

एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अतः यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल।

बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया, परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोह-माया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। बुद्ध ने अपने घर-परिवार का परित्याग कर दिया और सत्य तथा ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप व उपवास किए और सूखकर कांटा हो गए, किन्तु उन्हें ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। अतः उन्होंने एक दिन संन्यास छोड़ दिया और उनके शिष्य भी एक-एक कर उनका साथ छोड़ गए।

उसके बाद गौतम बुद्ध ने शारीरिक स्वास्थ्य तथा मानसिक शक्ति प्राप्त की और फिर वे बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना यहां से नहीं उठेंगे। सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जाग्रत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो वे महात्मा बुद्ध के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगे और इन शिष्यों ने ही उन्हें पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई पुस्तकों के लेखक हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 मई, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 22:54 तक, नक्षत्र : स्वाति, 28:30 तक, योग : सिद्धि, 21:09 तक, सूर्योदय: 05:04, सूर्यास्त: 18:02, चन्द्रोदय : 18:28, चन्द्रास्त: 05:05, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:34 से 12:11

## राशिफल

**मेष :** आज करियर में कुछ नया और क्रिएटिव करना आपके लिए सबसे अच्छा होगा। आप किसी पुरानी समस्या का बहुत ही शानदार और साहसी समाधान खोज सकते हैं।

**वृष :** चंद्रदेव के सेवा भाव से गोचर करने के कारण आज काम का बोझ थोड़ा ज्यादा महसूस हो सकता है। ऑफिस में आपको शांतिदूत की भूमिका निभानी पड़ सकती है।

**मिथुन :** पेशेवर क्षेत्र में आप इस समय बड़ी जिम्मेदारियों के दौर से गुजर रहे हैं। कर्म भाव में शनिदेव की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि कड़ी मेहनत ही सफलता का एकमात्र रास्ता है।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आप इस समय काफी चर्चा में रहेंगे। आज बुधदेव की स्थिति आपको किसी भी नए कैंपेन या बड़ी प्रेजेंटेशन से बचने की सलाह दे रही है।

**सिंह :** पेशेवर जगत में लोग आपको एक गाइड के रूप में देख रहे हैं। हर कोई सलाह के लिए आपकी ओर देख सकता है। किसी भी कानूनी दस्तावेज या बड़ी साझेदारियों को अंतिम रूप देने से बचें।

**कन्या :** आज आपके काम में कॉन्फिडेंस और धैर्य की बहुत जरूरत होगी। आपको किसी फाइनेंशियल परेशानी को सुलझाने या किसी संयुक्त प्रोजेक्ट को संभालने की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में आपकी मेडिएटर की भूमिका रहेगी। सहकर्मियों के बीच के विवाद को सुलझाने के लिए आपको बुलाया जा सकता है। बातचीत में मजबूती आने तक कुछ दिनों का इंतजार करें।

**वृश्चिक :** दैनिक कार्यों के भाव में बुधदेव के अस्त होने से कार्यक्षेत्र में कुछ दबाव महसूस हो सकता है। तकनीकी खराबी या फाइलों के इधर-उधर होने से आपके काम की गति धीमी हो सकती है।

**धनु :** पेशेवर क्षेत्र में काम करने की आपकी क्षमता ही आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है। आपको किसी समिति का नेतृत्व करने या किसी समूह परियोजना को व्यवस्थित करने के लिए कहा जा सकता है।

**मकर :** आर्थिक स्थिरता बनी रहेगी, खासकर करियर के लाभ या लंबी अवधि के निवेश के माध्यम से। शुक्रदेव के प्रभाव से आप थोड़ा जोखिम लेने का सोच सकते हैं।

**कुम्भ :** आर्थिक रूप से यह समय कुछ नया करने के बजाय पुरानी चीजों को समेटने और मजबूत करने का है। धन भाव में शनिदेव की उपस्थिति बचत और सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग कर रही है।

**मीन :** पेशेवर तौर पर आप अपने भविष्य को बनाने की दिशा में हैं। आपकी कार्यशैली बहुत अच्छी है और आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारी उठा सकते हैं।

## विदेश

### नेपाल में जीप खाई में गिरी, 20 लोगों की मौत

**काठमांडू :** नेपाल के रोल्पा जिले में बृहस्पतिवार को एक जीप पहाड़ी सड़क से फिसलकर लगभग 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरी और इस दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना थवांग ग्रामीण नगरपालिका के जलजाला क्षेत्र में हुई, जब बारिश के बीच वाहन कीचड़ भरे रास्ते पर फिसल गया और पहाड़ी से नीचे गिर गया। पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना में 20 लोगों की मौत हो गयी। रोल्पा जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी सुनील थापा के अनुसार, शुक्रवार को जलजाला में आयोजित बैसाख पूर्णिमा उत्सव में भाग लेने जा रहे स्थानीय लोगों ने निजी जीप किराए पर ली थी।

### ट्रंप को मारने की कोशिश करने के आरोपी व्यक्ति ने फिलहाल जेल में रहने पर सहमति जताई

**वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के रात्रिभोज में बंदूकों और चाकुओं से हमला करने तथा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को मुकदमे की प्रतीक्षा करते हुए फिलहाल जेल में रहने पर सहमति जताई। कोल थॉमस एलन ने अमेरिकी मजिस्ट्रेट मोक्सिला उपाध्याय के समक्ष अपनी संक्षिप्त पेशी के दौरान कोई दलील पेश नहीं की। अभियोजकों का आरोप है कि एलन ने हफ्तों पहले ही हमले की योजना बना ली थी और शनिवार रात वाशिंगटन हिल्टन में एक मैग्नेटोमीटर से गुजरने से पहले ट्रंप की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखी थी। अधिकारियों के अनुसार, एलन हमले में घायल हो गया लेकिन उसे गोली नहीं लगी। सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी को गोली लगी, लेकिन उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी और वह बच गया। अभियोजकों का कहना है कि उनका मानना है कि एलन ने अपनी शॉटगन से कम से कम एक बार गोली चलाई और एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने पांच गोलियां चलाईं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस बात की पुष्टि नहीं की है कि एलन की ही गोली एजेंट की जैकेट पर लगी थी। इकत्तीस वर्षीय एलन कैलिफोर्निया के टोरेंस शहर का निवासी है।

### मर्ज अपने 'टूटे हुए देश' पर ध्यान दें, ईरान युद्ध के बारे में सोचने में समय बर्बाद न करें : ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने मर्ज को सलाह दी कि वह अपने टूटे हुए देश पर ध्यान दें और ईरान युद्ध के बारे में सोचने में समय बर्बाद न करें। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मर्ज को रूस-यूक्रेन को युद्ध समाप्त कराने और अपने टूटे हुए देश को ठीक करने (खास तौर पर आव्रजन और ऊर्जा के मामले में) पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए तथा ईरान युद्ध के बारे में सोचने में कम समय खर्च करना चाहिए। इससे पहले बुधवार को ट्रंप ने धमकी दी थी कि अमेरिका जर्मनी में अपनी सैन्य मौजूदगी घटाने पर विचार कर रहा है।

### इजराइल ने गाजा सहायता ले जा रही नौकाओं को रोका, चालक दल सदस्यों को हिरासत में लिया: कार्यकर्ता

**एथेंस :** गाजा की इजराइली नौसेना की नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे नौकाओं के बेड़े में सवार कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इजराइल की सेना ने उनकी नौकाओं को रोका, उनके इंजन तोड़ दिए और उनमें सवार कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह घटना गाजा और इजराइल से सैकड़ों मील (किलोमीटर) दूर यूनान के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुई। 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' नामक अंतरराष्ट्रीय समुद्री पहल इस महीने की शुरुआत में बार्सिलोना से शुरू की गई। इसके आयोजकों ने बताया कि दुनिया भर से 70 से अधिक नावें और 1,000 लोग इसमें भाग लेंगे, और जैसे-जैसे यह बेड़ा भूमध्य सागर में पूर्व की ओर बढ़ेगा, और भी नावें इसमें शामिल होती जाएंगी। कार्यकर्ता समूह की वेबसाइट पर नौकाओं की स्थिति की दी गई जानकारी के मुताबिक दक्षिणी यूनानी द्वीप क्रेते के पश्चिम में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में 22 नौकाओं को रोका गया, जबकि बृहस्पतिवार अपराह्न तक 36 अन्य नौकाएं समुद्र में थे। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अभियान में शामिल 20 से अधिक नौकाओं पर सवार करीब 175 कार्यकर्ताओं को इजराइल लाया जा रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3426

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | 13 | | ■ | |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | ■ | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | 26 | | | ■ |
| | ■ | 27 | | 28 | ■ | 29 | | ■ | 30 |
| 31 | | | ■ | 32 | | ■ | 33 | | |

*बायें से दायें:-* 1) अल्पतम, 7) अल्पव्यय, 9) अन्यथा, 10) कुल, 12) भंडारा, 14) सिर्फ़, 15) जूट, 16) पटाना, 18) इस्लामी धर्म-सूत्र, 19) जंगल, 21) ब्रह्मपुत्रा, 22) मोमदिल, 23) यथार्थतः, 25) उपदेश, 27) हत्या, 29) तालाब, 31) राम का जनक 32) निकृष्ट, 33) दुर्लभ.

*ऊपर से नीचे:-* 2) एक भारतीय भाषा, 3) ख़्याल, 4) लाभ, 5) फेरा, 6) यातायात, 8) बुरी लत, 10) सारा, 11) टीस, 13) उलटी, 15) समीक्षा, 17) असंस्कृत; ख़राब, 19) जन्मस्थान, 20) अगलबगल, 22) थर्राना, 24) छाप, 26) भूमिकन्या, 28) पुल्लिंगीय सजीव, 30) बुराई; दुर्गुण.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ | सू | र | ■ | औ | क़ा | त | ■ | क | ट्टी |
| ■ | र | ■ | बै | र | ■ | बा | द | ल | ■ |
| आ | ज | क | ल | ■ | आ | ह | ■ | क | मी |
| गा | ■ | पा | ■ | प | टा | ■ | मि | ल | न |
| ह | व | ल | दा | र | ■ | क | ष्ट | ■ | मे |
| ■ | र | ■ | दा | वा | ■ | मी | ■ | रा | खा |
| ग | दी | ला | ■ | न | मा | ज़ | गा | ह | ■ |
| ब | ■ | ज़ि | ■ | गी | त | ■ | ली | ■ | सू |
| रू | प | म | ती | ■ | म | ■ | चा | तु | र्य |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3384

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 5 | | | |
| 8 | | | 3 | 4 | | 5 | 1 | |
| | | | | | | | 7 | |
| | | 8 | 2 | | | 6 | | 5 |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| | 3 | 6 | | | | | | 2 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3383 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |

# एग्जिट पोल के अनुमान तृणमूल कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए : ममता

## कहा... '226 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, मां–माटी और मानुष की सरकार बनाएंगे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में रिकॉर्ड मतदान के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही, उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्रॉग रूम की दिन–रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। दरअसल, गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

### ❑ मतदाताओं का जताया आभार

मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि बंगाल के मां, माटी, मानुष को बहुत–बहुत धन्यवाद। आप सभी लोग अच्छे से रहे हैं और स्वस्थ रहें। आप सबके प्रति मैं कृतज्ञ हूं क्योंकि इतनी धूप में और इतने अत्याचार झेलकर आप लोगों ने जिस हिसाब से वोट दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। मैं अपने कर्मियों का भी आभार जनाती हूं जिन्होंने तमाम अत्याचार को बर्दास्त करके, ना सिर्फ सेंट्रल फोर्स बल्कि यहां के फोर्स का भी अत्याचार सहन करके अपने काम किया।

### ❑ 'मतगणना के दिन मेरी प्रेस वार्ता तक काउंटिग टेबल पर रहें कार्यकर्ता'

ममता ने आगे कहा कि मैं जब तक प्रेस कॉन्फ्रेंस न कर लूं, काउटिंग एरिया को छोड़कर कोई न जाए। यह भी ध्यान रखना है कि ईवीएम की काउंटिंग के बाद उसका डाटा कम्प्यूटर में सही लिखा जा रहा है कि नहीं। ऐसा भी हो सकता है कि टीएमसी के नंबर भाजपा में जोड़ दिए जाएं।

### ❑ 'केंद्रीय बल भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं'

उन्होंने कहा कि भारत सरकरार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री–गृह मंत्री से लेकर 19 भाजपा शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं। मैं बहुत निश्चित होकर बोल रही हूं कि जो टीवी पर दिखा रहा है वो सब पैसों का खेल है। मैं स्पष्ट रूप से बोल रही हूं कि 2026 में हम 226 सीटों का आंकड़ा पार करेंगे। लोगों ने जिस तरह वोट दिया है उसके ऊपर मुझे पूरा भरोसा है। भाजपा ने प्रेस के जरिये ये (एग्जिट पोल) कराया है। ये लोग ईडी, सीबीआई के जरिये चमकाते हैं। ममता ने कहा कि अमित शाह के सीधे निर्देश पर पश्चिम बंगाल चुनावों के दौरान केंद्रीय बल भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं।



### ❑ '2026 में तृणमूल कांग्रेस 226 सीट का आंकड़ा पार करेगी'

उन्होंने कहा कि भारत सरकरार की पूरी मशीनरी, प्रधानमंत्री–गृह मंत्री से लेकर 19 बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं ने बंगाल के लोगों को कब्जाने की कोशिश की। मैं यह बताती हूं कि मतदाता पेटी में वोट जब्त हो गए हैं। मैं बहुत निश्चित होकर बोल रही हूं कि जो टीवी पर दिखा रहा है वो सब पैसों का खेल है। मैं स्पष्ट रूप से बोल रही हूं कि 2026 में हम 226 सीटों का आंकड़ा पार करेंगे। लोगों ने जिस तरह वोट दिया है उसके ऊपर मुझे पूरा भरोसा है। भाजपा ने प्रेस के जरिये ये (एग्जिट पोल) कराया है। ये लोग ईडी, सीबीआई के जरिये चमकाते हैं।

### ❑ एग्जिट पोल को ममता ने बताया गलत

ममता ने कहा कि मैं दो दिन से सो नहीं पाई हूं। भाजपा तमात हथकंडे अपनाने के बाद भी लोगों से उनका अधिकार नहीं छीन पाई। यही कारण है कि उन्होंने इसके जरिये (एग्जिट पोल) अंतिम खेल खेला है जिससे हमारे कर्मियों का मनोबल टूट जाए। अगर सच्चाई सामने आई तो शेयर मार्केट धड़ाम हो जाएगा। शेयर मार्केट को सांत्वना देने के लिए ये किया है। यह मेरे को विश्वस्त सूत्रों से पता चला है। पिछले एग्जिट पोल का हवाला देते हुए ममता ने कहा कि पहले भी 2016 और 2021 में एग्जिट पोल गलत साबित हुए हैं। उन्होंने एग्जिट पोल में बीजेपी के पक्ष में दिखाया है। यह एकतरफा दिखाया है। मैं अपने कर्मियों को बोलूंगी कि आज से ही काउंटिंग के लिए पहरा देना शुरू करें। जरूरत पड़ेगी तो मैं भी अपने इलाके में पहरा दूंगी।

### ❑ 'फिर बनेगी मां–माटी, मानुष की सरकार'

ममता ने कहा कि एक बात और कहूंगी, सभी लोग शांत रहें और संगठित होकर रहें। दीदी के प्रति और बंगाल के लोगों के प्रति भरोसा रखें। हम अपनी मां, माटी, मानुष की सरकार बनाने जा रहे हैं। हमने आगे भी सरकार बनाई थी और आगे भी हम ही सरकार बनाएंगे।

### ❑ पीएम मोदी और अमित शाह पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन से कहना चाहूंगी कि आप लोगों ने भाजपा के इशारे पर बहुत काम कर लिया। अब काउंटिंग के दिन किसी पर भी हाथ मत डालना। आप लोगों ने बहुत पीटा है, अब नहीं। बंगाल आप लोगों का नहीं है। बंगाल यहां के मां–माटी, मानुष के लोगों का है। बंगाल के लोग बाहरी लोगों का समर्थन नहीं करते। बूथ में बीजेपी के तो लोग थे नहीं तो उन्होंने सेंट्रल फोर्स के लोगों को इस काम में लगाया। उन्होंने बीजेपी के एजेंट की तरह काम किया। अमित शाह का सीधा हस्तक्षेप इसमें रहा। जब वोटिंग चल रही थी तो प्रधानमंत्री ने क्यों संबोधन किया। क्या वो बंगाल और यहां की मिट्टी को जानते हैं? कवि नजरुल, नेत–ाजी, राजा राम मोहन, विद्यासागर को जानते हैं? वो किसी को नहीं जानते। सिर्फ विरोध में प्रचार करो। जिन लोगों ने बीजेपी से पैसे लिए, उन्होंने बहुत गलत किया, लेकिन याद रखें कि हम आपके साथ कुछ गलत नहीं करेंगे।

## फिर घटाई गई मतगणना केंद्रों की संख्या, चुनाव आयोग ने 77 केंद्र निर्धारित किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतगणना से पहले चुनाव आयोग ने गुरुवार को राज्य में मतगणना केंद्रों की संख्या में और कमी कर दी है। दो सप्ताह पहले यह 108 से घटाकर 87 कर दी गई थी। दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद आयोग ने अब राज्य में मतगणना केंद्रों की संख्या घटाकर 77 कर दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने गुरुवार को सूचित किया कि राज्य भर में सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 77 केंद्रों पर मतगणना की जाएगी। मतगणना केंद्रों की जिलावार सूची, प्रत्येक केंद्र के पते के साथ प्रकाशित कर दी गई है। बता दें कि 2016 के विधानसभा चुनावों में राज्य में 90 केंद्रों पर मतगणना हुई थी। 2021 के विधानसभा चुनावों में मतगणना केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 108 कर दी गई थी। 17 अप्रैल को आयोग ने यह संख्या घटाकर 87 कर दी थी, अब इसे और घटाकर 77 कर दिया गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मतगणना केंद्रों की संख्या 77 से भी कम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इसके बाद, निर्णय लिया जाएगा। जिलावार आंकड़ों के अनुसार, अलीपुरद्वार में एक, बांकुड़ा में तीन, बीरभूम में तीन, कूचबिहार में पांच, दक्षिण दिनाजपुर में दो, दार्जिलिंग में तीन, हुगली में पांच, हावड़ा में चार, जलपाईगुड़ी में दो, झाड़ग्राम में एक, कालिम्पोंग में एक, कोलकाता में पांच (उत्तर कोलकाता में एक और दक्षिण कोलकाता में चार), मालदह में दो, मुर्शिदाबाद में पांच, नदिया में चार, उत्तर 24 परगना में सात, पश्चिम बर्दवान में दो, पश्चिम मेदिनीपुर में तीन, पूर्व बर्दवान में चार, पूर्व मेदिनीपुर में चार, पुरुलिया में तीन, दक्षिण 24 परगना में छह और उत्तर दिनाजपुर जिले में दो मतगणना केंद्र होंगे।

### ईवीएम सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड व्यवस्था, मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय जांच लागू

**कोलकाता :** आगामी 4 मई को होने वाली मतगणना को लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए इस बार त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा लागू किया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतगणना केंद्रों को पूरी तरह सुरक्षित किले में तब्दील किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार, मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए तीन चरणों में पहचान सत्यापन किया जाएगा। पहले और दूसरे चरण में पहचान पत्रों की मैन्युअल जांच होगी, जबकि तीसरे और अंतिम चरण में क्यूआर कोड के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। क्यूआर कोड स्कैन के बाद ही प्रवेश की अंतिम अनुमति दी जाएगी। यह नियम रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना कर्मियों, उम्मीदवारों और उनके चुनाव एजेंटों–सभी पर समान रूप से लागू होगा। चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग ऑफिसरों को इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मतगणना केंद्रों के प्रवेश बिंदुओं पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित बनी रहे।

### चुनाव बाद हिंसा पर सीईओ ने डीएम और एसपी के साथ की बैठक, 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाने को कहा


कोलकाता, समाज्ञा

राज्य में दूसरे चरण के मतदान के बाद हिंसा की खबरों के मद्देनजर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को अधिकारियों को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति' अपनाने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दरअसल, कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान अग्रवाल ने ये निर्देश जारी किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, अग्रवाल ने कहा कि मतदान के बाद गड़बड़ी करने वालों को आज रात तक गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बता दें कि बुधवार की शाम को दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति के कुछ घंटों बाद ही राज्य के कई हिस्सों से राजनीतिक झड़पों की खबरें सामने आईं, जिसके बाद आयोग ने निगरानी बढ़ा दी। सूत्रों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रशासन को मतदान के बाद भी उतनी ही सतर्कता बरतनी चाहिए जितनी मतदान के दौरान बरती गई थी और किसी भी प्रकार की अशांति की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि चुनाव प्रक्रिया अभी भी जारी है। उन्होंने मतगणना और उसके बाद की अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न होने पर जोर दिया।

## वोट खत्म होते ही भाटपाड़ा में तनाव, तृणमूल नेता पर गोली चलाने का आरोप, भाजपा ने किया खारिज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के समाप्त होते ही उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा इलाके में हिंसा की घटना सामने आई है। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता पर हमला और गोली चलाने के आरोप से इलाके में बुधवार रात भारी तनाव फैल गया। घायल नेता का नाम तपस दास बताया गया है। इस घटना के लिए तृणमूल की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है, हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

घटना भाटपाड़ा नगरपालिका के 21 नंबर वार्ड की है। आरोप के मुताबिक, मतदान समाप्त होने के बाद तपस दास अपने बूथ के पास खड़े थे, तभी कुछ भाजपा



कार्यकर्ताओं के साथ उनकी कहास–ुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान तपस दास पर बेरहमी से हमला किया गया।

गंभीर रूप से घायल तपस दास को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें कमारहाटी स्थित सागर दत्ता अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की।

तृणमूल नेता सोमनाथ श्याम ने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान ही भाजपा समर्थित बदमाशों ने अचानक तपस दास पर हमला कर दिया। उन्होंने दावा किया कि जब तपस दास जान बचाकर भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी उन पर गोली चलाई गई। उनके अनुसार, दो से तीन राउंड फायरिंग की गई।

वहीं, भाजपा की ओर से इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया गया है और कहा गया है कि इस घटना से उनका कोई संबंध नहीं है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे की असली वजह जानने की कोशिश की जा रही है।

## शांतिपूर्ण मतदान के बाद भांगड़ में सात ताजा बम बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के अगले दिन गुरुवार की सुबह उत्तर काशीपुर थाना अंतर्गत भोगाली–1 इलाके से पुलिस ने कुल सात ताजा बम बरामद किए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक खाली मैदान में मिर्च के पौधों के नीचे इन बमों को छिपाकर रखा गया था। किसने और किस उद्देश्य से इन बमों को जमा किया था, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### 6 मई को शपथ लेंगी ममता : फिरहाद हकीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले राज्य में दावों और प्रतिदावों का दौर शुरू हो गया है। एग्जिट पोल के आंकड़े भाजपा खेमे में उत्साह भर रहे हैं, तो तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेता और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने बड़ा दावा कर दिया है। फिरहाद हकीम ने गुरुवार को कहा कि ममता बनर्जी 6 मई को चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रही हैं। कोलकाता नगर निगम के मासिक अधिवेशन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए फिरहाद हकीम ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि अगर सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा, तो ममता बनर्जी 6 मई को शपथ लेंगी। उन्होंने भाजपा के दावों को खारिज करते हुए कहा कि तृणमूल 202 से 225 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटेगी।

## मतदान खत्म होते ही कोलकाता में हिंसा, तृणमूल पर हमला, भाजपा और केंद्रीय बलों पर आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान समाप्त होते ही कोलकाता के कई इलाकों में हिंसा और तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। दक्षिण कोलकाता के बेहाला इलाके में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगा है, जबकि न्यू अलीपुर में केंद्रीय बलों पर मारपीट और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप सामने आए हैं।

जानकारी के अनुसार, बेहाला पश्चिम के 129 नंबर वार्ड स्थित रवींद्रनगर रामकृष्ण पल्ली में बुधवार रात मतदान खत्म होने के बाद तृणमूल कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में मौजूद थे। आरोप है कि भाजपा समर्थित कुछ लोगों ने ईंट और बांस से हमला किया। इस हमले में पूर्व पार्षद अंजन दास सहित पांच लोग घायल हुए। अंजन दास के सिर में गंभीर चोट आई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद बेहाला पश्चिम की तृणमूल उम्मीदवार रत्ना चट्टोपाध्याय ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा ने हमला कराया और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है और जांच जारी है।



### मतदान की रात गड़िया में तोड़फोड़, भाजपा ने तृणमूल पर लगाया आरोप

**कोलकाता :** मतदान समाप्त होने के कुछ घंटों बाद गड़िया के पंचसायर इलाके में भी हिंसा की घटना सामने आई। जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के 153 नंबर बूथ के भाजपा पोलिंग एजेंट शांतनु सरकार के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि कार्यालय से सीसीटीवी कैमरे निकाल लिए गए और बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही जादवपुर की भाजपा उम्मीदवार शर्बरी मुखोपाध्याय मौके पर पहुंचीं और थाने में शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने इस घटना के लिए तृणमूल कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टुडेज चाणक्य के एग्जिट पोल में भाजपा को बंगाल में प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** देश के चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों में मतदान संपन्न होने के एक दिन बाद गुरुवार को जारी एक नये एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में संभावना जताई गई है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत हासिल करेगी। पश्चिम बंगाल के लिए 'न्यूज 18' द्वारा किए गए एक अन्य एग्जिट पोल में भाजपा को 143–163 सीटें और तृणमूल कांग्रेस को 127–147 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। 'टुडेज चाणक्य' ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को 192 सीटें और तृणमूल कांग्रेस को 100 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है।

### 'विपक्षी वोट बंट गए', एग्जिट पोल पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में बूथफेरत (एग्जिट पोल) सर्वे को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि विपक्षी दलों के वोट आपस में बंट गए हैं, जिसका असर चुनावी नतीजों पर पड़ सकता है। बहरामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों को कुल मिलाकर ज्यादा वोट मिले हैं। सरकार के खिलाफ माहौल भी था, लेकिन विपक्षी वोट बंट गए। सारे वोट किसी एक दल को नहीं मिले।

### भवानीपुर में टीएमसी वाहन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोका, 'कुछ संदिग्ध' होने का लगाया आरोप



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार देर रात उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक वाहन को रोक लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि वाहन में कुछ संदिग्ध सामान ले जाया जा रहा है। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने वाहन में कुछ लाया है, जिसके चलते उन्होंने वाहन को आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक वाहन के आसपास जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की। कुछ समय तक चले इस गतिरोध के कारण इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस की मौजूदगी और हस्तक्षेप के बाद आखिरकार वाहन को वहां से जाने दिया गया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दोनों दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। इस घटना ने चुनावी माहौल के बीच राजनीतिक तापमान को और बढ़ा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वाहन में वास्तव में क्या था और क्या किसी प्रकार की आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है।

## मतदान खत्म होते ही शराब की दुकानों पर उमड़ी भीड़

### मतगणना से पहले स्टॉक जुटाने की होड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में दूसरे चरण का मतदान खत्म होते ही गुरुवार को शराब की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। दरअसल, चुनाव को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग ने इस बार कई सख्त कदम उठाए थे, जिनमें शराब बिक्री पर प्रतिबंध भी शामिल था। मतदान से पहले और दौरान न केवल शराब की दुकानों को बंद रखा गया, बल्कि बारों को भी पूरी तरह बंद रखने का निर्देश दिया गया था। गुरुवार को जैसे ही आबकारी विभाग के निर्देश पर शराब की दुकानें और बार दोबारा खुले, वैसे ही शहर से लेकर कस्बों तक लंबी–लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग बड़ी संख्या में शराब खरीदते नजर आए। माना जा रहा है कि लोग आगामी बंदी को ध्यान में रखते हुए पहले से स्टॉक जमा कर रहे हैं। बता दें कि गुरुवार से दोबारा खुलने के बाद रविवार तीन मई तक रात 11 बजे तक दुकानें खुली रहेंगी। हालांकि, चार मई यानी मतगणना के दिन एक बार फिर पूरे राज्य में शराब की सभी दुकानें और बार बंद रहेंगे। इस संबंध में आबकारी विभाग ने पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। इसके बाद, पांच मई से फिर सामान्य रूप से सभी दुकानें और बार खुल जाएंगे। आबकारी विभाग के अनुसार, यह फैसला पूरी तरह निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में लिया गया है, ताकि मतगणना के दिन कानून–व्यवस्था बनी रहे।

## मतगणना के लिए केंद्रीय कर्मियों की नियुक्ति के खिलाफ याचिका पर सुनवाई पूरी, अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित

कोलकाता, समाज्ञा

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली जिसमें विधानसभा चुनाव में मतगणना पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय कर्मियों को नियुक्त करने के निर्वाचन आयोग के निर्देश को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के वकील कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत के समक्ष कहा कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना में कहा गया है कि मतों की गिनती के दौरान अनियमितताओं की आशंका को देखते हुए, प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक टेबल पर मतगणना पर्यवेक्षकों और मतगणना सहायकों में से कम से कम एक केंद्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों का कर्मचारी होगा। तृणमूल सांसद ने दावा किया कि यह राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के वकील जिष्णु चौधरी ने अदालत के समक्ष कहा कि यह निर्वाचन आयोग द्वारा प्रयोग किए गए विवेक की न्यायिक जांच का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि चुनाव निकाय ने अपने विवेक से इस काम के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों का चयन किया है और यह किसी भी प्रकार से कानून के विरुद्ध कार्य नहीं है।

दक्षिण कोलकाता के कस्बा विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना केंद्र में अंतिम समय में बदलाव किए जाने का दावा करते हुए न्यायमूर्ति राव की अदालत में एक और याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जावेद अहमद खान ने दावा किया कि कस्बा सीट के लिए मतगणना केंद्र को निर्वाचन क्षेत्र के भीतर स्थित गीतांजलि स्टेडियम से अलीपुर के बिहारीलाल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि मतगणना केंद्रों को सुव्यवस्थित करने के लिए स्थान बदला गया है। चौधरी ने बताया कि पहले दस विधानसभा क्षेत्रों के लिए पांच मतगणना स्थल हुआ करते थे, लेकिन अब इन सीटों के लिए केवल एक ही स्थल है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार, यदि चुनाव अधिकारी को किसी भी कारण से आवश्यक लगे तो वह मतगणना स्थल को बदल सकता है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद, अदालत ने दोनों याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### मतगणना केंद्र बदलने के खिलाफ तृणमूल उम्मीदवार की याचिका खारिज

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जावेद अहमद खान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा कस्बा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना केंद्र को बदलने के फैसले को चुनौती दी गई थी। अदालत ने कहा कि निर्वाचन आयोग के फैसले में कोई गैर–कानूनी बात नहीं है। अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने यह फैसला लिया है कि मतगणना केंद्र आमतौर पर जिला मुख्यालय में होने चाहिए और केवल असाधारण परिस्थिति में ही, उचित कारणों के आधार पर उप–संभागीय मुख्यालय पर मतगणना की इजाजत दी जा सकती है। मतगणना केंद्र को गीतांजलि स्टेडियम से विहारीलाल कॉलेज में स्थानांतरित किए जाने में कोई गैर–कानूनी बात नहीं होने का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने खान की याचिका खारिज कर दी।



# बंगाल की बेटी अनुष्का घोष बनीं आईएससी टॉपर, मिले 400 में से 400 अंक

**कोलकाता, समाज्ञा**

आईसीएसई और आईएससी 2026 परीक्षा के नतीजे रिजल्ट गुरुवार को घोषित किए गए। बंगाल की बेटी अनुष्का घोष आईएससी टॉपर बनी हैं। बैरकपुर निवासी और पानीहाटी सेंट जेवियर्स की छात्रा अनुष्का घोष को 400 में से 400 नंबर मिले है। इतनी सफलता के बाद अनुष्का ने मीडिया से बात करते हुए अपने बारे में कई बातें बताईं।



अनुष्का ऑल-इंडिया एग्जाम में पूरे नंबर लाने वाली पहली स्टूडेंट बनकर बहुत खुश है। वह बिना किसी झिझक के कहती हैं कि मैं पहले से ही बहुत परेशान हूं। जब मैंने बुधवार की रात सुना कि आज रिजल्ट आएगा, तो मैं बहुत परेशान हो गई थी।

असल में, एग्जाम के दौरान मेरा शरीर थोड़ा खराब था। मैंने बुखार में इंग्लिश का एग्जाम दिया था। आज रिजल्ट देखकर मैं खुशी से रो पड़ी! असल में, आईसीएसई में इंग्लिश में मेरे 2 मार्क्स कम आए थे, मुझे इसका अफसोस हो रहा था। इस बार, मुझे पूरे मार्क्स मिले हैं।

अपने फ्यूचर प्लान्स के बारे में अनुष्का ने कहा कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है। वह उसी हिसाब से तैयारी कर रही है। अपनी सफलता के लिए के लिए 'फर्स्ट गर्ल' ने जवाब दिया कि स्कूल टीचर और मां का सबसे अहम रोल रहा।

## मई दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज कोलकाता मेट्रो सेवाओं में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मई दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज मेट्रो रेलवे, कोलकाता विभिन्न लाइनों पर मेट्रो सेवाओं में आंशिक संशोधन करेगी। ब्लू लाइन पर कुल 244 मेट्रो सेवाएं (122 अप और 122 डाउन) संचालित की जाएंगी, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 272 होती है। इसी तरह, ग्रीन लाइन पर 204 सेवाएं (102 अप और 102 डाउन) चलाई जाएंगी, जो सामान्य 228 सेवाओं से कम हैं। वहीं, येलो लाइन पर कुल 92 सेवाएं (46 अप और 46 डाउन) संचालित होंगी, जबकि सामान्य दिनों में यहां 120 सेवाएं चलती हैं। इन तीनों लाइनों पर पहली और अंतिम मेट्रो सेवाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मेट्रो प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऑरेंज लाइन और पर्पल लाइन पर 1 मई को सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।




भाजपा नेता कमल सिंह ने बेटी ईशा सिंह के साथ किया मतदान

## हावड़ा की वंशिका तिवारी ने आईएससी12वीं में मारी बाजी, 98.75% अंक हासिल

**हावड़ा :** हावड़ा की छात्रा वंशिका तिवारी ने आईएससी बोर्ड के 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.75 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वंशिका श्री श्री एकेडमी, अलिपुर की छात्रा हैं और उन्होंने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से यह सफलता प्राप्त की है। वह अपने स्कूल में तीसरे स्थान पर रही हैं। वंशिका की इस उपलब्धि से उनके परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। खास बात यह है कि वंशिका का कोई एक पसंदीदा विषय नहीं रहा, उनके अनुसार सभी विषय उन्हें समान रूप से अच्छे लगे और उन्होंने हर विषय को समान महत्व देकर पढ़ाई की। अपनी सफलता के पीछे की रणनीति के बारे में वंशिका बताती हैं कि उन्होंने किसी तय समय-सारणी के बजाय अपने मन और शरीर की स्थिति के अनुसार पढ़ाई की। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वंशिका



ने बताया कि वह आगे स्नातक (बीए) की पढ़ाई करेंगी और कॉलेज के दौरान अपने व्यवसाय पर भी ध्यान देंगी। इसके बाद, वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने का लक्ष्य रखती हैं। वंशिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और कठिन समय में उनका साथ दिया।

# द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता का शानदार प्रदर्शन: आईसीएसई-आईएससी 2026 में 100% परिणाम



**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता ने आईसीएसई और आईएससी बोर्ड परीक्षाओं 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों परीक्षाओं में 100% सफलता दर दर्ज की है। विद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है।

आईसीएसई 2026 में परीक्षा में शामिल सभी 193 विद्यार्थी सफल रहे। इस बैच का औसत परिणाम 89.56 प्रतिशत रहा। कुल 47 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 72 विद्यार्थियों ने 90 से 94 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। परीक्षा में शीर्ष स्थान श्रेयांश दास और आरव गोयनका ने संयुक्त रूप से 99.8 प्रतिशत अंक के साथ प्राप्त किया। इसके बाद स्वप्निल पाल ने 99.2 प्रतिशत और विदुषी तोष्णीवाल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

वहीं, आईएससी 2026 में परीक्षा में शामिल सभी 205 विद्यार्थी सफल रहे और कुल औसत 86.93 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस परीक्षा में 52 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 42 विद्यार्थियों ने 90 से 94 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। विभिन्न धाराओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों में इलिना राजकुमार उदानी (ह्यूमैनिटीज) ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विज्ञान में गितेश कुमार झा और आरुषि बाउल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कॉमर्स में नयोनिका रॉय ने 98.75 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

स्कूल की प्राचार्या सीमा सप्रू ने कहा कि आईएससी 2026 में छात्रों का शानदार प्रदर्शन उनके समर्पण, धैर्य और निरंतर प्रयास का प्रमाण है। उन्होंने विशेष रूप से इलिना राजकुमार उदानी की उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि यह छात्रों और शिक्षकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी जोर देता है। उन्होंने सभी छात्रों और उनके परिवारों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

वहीं, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि छात्रों का लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन संस्थान की गुणवत्ता-आधारित और मूल्यपरक शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने सभी सफल छात्रों, विशेष रूप से इलिना राजकुमार उदानी और अन्य आईएससी स्नातकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इलिना ने आईएससी 2026 में 100% अंक लाकर किया टॉप

द हेरिटेज स्कूल की छात्रा इलिना राजकुमार उदानी ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में शीर्ष स्थान हासिल किया और सभी के लिए प्रेरणा बन गईं। ह्यूमैनिटीज विषय से इलिना की यह उपलब्धि इस धारा की बढ़ती महत्ता को भी रेखांकित करती है। भविष्य में इलिना सोशल साइंसेज, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय संबंध और पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं, ताकि वैश्विक स्तर पर सकारात्मक योगदान दे सकें। इलिना ने कहा कि यह सफलता उनके लिए सपने के सच होने जैसी है, खासकर ह्यूमैनिटीज पृष्ठभूमि से आने के कारण। उन्होंने बताया कि द हेरिटेज स्कूल में उनकी पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्हें सोचने और समाज को समझने की नई दृष्टि मिली। छात्रा ने अपने शिक्षकों का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा उनकी रुचि को प्रोत्साहित किया।

## बढ़ते कवर वाला टर्म प्लान चुनें और महंगाई से बचें: बंधन लाइफ इंश्योरेंस

**कोलकाता :** बंधन लाइफ ने 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक के लोगों को सलाह दी है कि वे अपने जीवन बीमा कवर की समीक्षा करें और उसे और मजबूत बनाएं, ताकि परिवार की लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कंपनी ने यह भी बताया कि महंगाई समय के साथ बीमा सुरक्षा की वास्तविक कीमत को कम कर देती है, इसलिए अपने कवर की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है। बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा, 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक में लोग आमतौर पर अपनी कमाई के सबसे अच्छे दौर में होते हैं, लेकिन इसी समय बच्चों की पढ़ाई और कर्ज चुकाने जैसी बड़ी जिम्मेदारियां भी होती हैं। ऐसे में इस समय बीमा कवर बढ़ाना जरूरी है, ताकि बढ़ती महंगाई और अनिश्चितताओं के बीच परिवार सुरक्षित रह सके। बीमित राशि बढ़ाने का विकल्प देने वाला टर्म प्लान किफायती तरीके से मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जबकि अधिक बीमित राशि वाला यूलिप लंबे समय में संपत्ति बनाने में मदद कर सकता है।

## बिना मशीन बदले प्रदूषण कम करने के लिए मिली 13.35 करोड़ रुपए की फंडिंग

**पुणे/कोलकाता :** वर्तमान समय में देखना जाए, तो स्वच्छ हवा सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। यदि बिना ज्यादा खर्च और बिना मशीन बदले ही प्रदूषण कम किया जा सके, तो ये लोगों और कंपनियों, दोनों के लिए बड़ी राहत है। खासकर यदि कम्पनियाँ बिना भारी खर्च किए अपने पुराने सिस्टम से ही प्रदूषण कम कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। इसके समाधान के रूप में, पुणे की क्लीनटेक कंपनी नोवॉर्बिस इटस ने 13.35 करोड़ रुपए की फंडिंग जुटाई है। इस निवेश में रेनमैटर और रॉकस्टड कैपिटल शामिल हैं। सीईओ हर्ष नीखरा ने कहा, हमने कॉलेज के समय से ही यह सोच लेकर शुरुआत की थी कि प्रदूषण को उसकी जड़ से कम किया जाए। पिछले कुछ सालों में हमने ऐसे समाधान बनाए हैं, जो आज ज़मीन पर इस्तेमाल हो रहे हैं। रेनमैटर में क्लाइमेट और डीप-टेक के इन्वेस्टमेंट लीड अभिनव नेगी ने कहा, हम ऐसे स्टार्टअप्स में निवेश करते हैं, जो असली और बड़े स्तर की समस्याओं का समाधान करते हैं। रॉकस्टड कैपिटल के फाउंडर और मैनेजिंग पार्टनर अभिषेक अग्रवाल ने कहा, नोवॉर्बिस ने उत्सर्जन नियंत्रण के क्षेत्र में ऐसा समाधान तैयार किया है, जिसे सीधे इस्तेमाल में लाया जा सकता है। बढ़ते नियमों और निगरानी के बीच ऐसे रेट्रोफिट सॉल्यूशंस की मांग तेजी से बढ़ेगी।

## पिरामल फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2026 में 1,506 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया

**कोलकाता :** पिरामल फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनीने 1,506 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 210 प्रतिशत ज़्यादा है। मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा तेज़ी से बढ़कर 502 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 390 प्रतिशत ज़्यादा है। जयराम श्रीधरन, एमडी और सीईओ, पिरामल फाइनेंस, ने कंपनी के प्रदर्शन के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि, वित्त वर्ष 2026 पिरामल फाइनेंस के लिए बहुत महत्वपूर्ण साल रहा। इस साल कंपनी ने मजबूत वृद्धि हासिल की, रिटेल कारोबार पर ज्यादा ध्यान दिया और तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कंपनी पूरे भारत में अपना विस्तार कर रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लोन देने की प्रक्रिया, ग्राहक सेवा, वसूली और कामकाज को और अधिक प्रभावी और आसान बनाने में मदद करेगा।

## राज्य के अधिकांश हिस्सों में चार मई तक गरज-तूफान के साथ बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में तीन मई तक उप-हिमालयी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने तथा राज्य के अन्य हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, हवा के अनुकूल रुख और बंगाल की खाड़ी से नमी के प्रवाह के कारण राज्य के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

बुलेटिन के अनुसार, तीन मई तक उप-हिमालयी जिलों, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में भारी से बहुत भारी बारिश और कलिम्पोंग में भारी बारिश हो सकती है। साथ ही, इस अवधि के दौरान राज्य के उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम बर्दवान, पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पुरुलिया, हुगली और नदिया में गरज-चमक के साथ बारिश होने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, गुरुवार की सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में हावड़ा जिले के अमता में सबसे अधिक 97 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, अन्य प्रमुख स्थानों पर जहां अच्छी बारिश हुई उनमें साल्ट लेक (63 मिमी), कोलकाता (54 मिमी), दमदम (54 मिमी), मयनागुड़ी (67 मिमी), माथाभांगा (61 मिमी), अलीपुरद्वार (57 मिमी) और हासीमारा (56 मिमी) शामिल हैं।

## कलकत्ता बॉयज स्कूल के छात्रों ने रचा सफलता का नया इतिहास

❑ **आईएससी व आईसीएसई 2026 परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, कई छात्रों ने 99% अंक किए हासिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता बॉयज़ स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए आईएससी (कक्षा 12) एवं आईसीएसई (कक्षा 10) बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल परिवार में खुशी की लहर है।

❑ **आईसीएसई (कक्षा 10) परिणाम**

कुल 219 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी 219 छात्र उत्तीर्ण रहे। इस वर्ष सर्वोच्च अंक 99% रहे, जो मास्टर आहान घोष एवं मास्टर सोमदेव सिन्हा रॉय ने प्राप्त किए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक 108 छात्रों ने हासिल किए, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक अंक 76 छात्रों को मिले। 70 प्रतिशत से अधिक अंक 24 छात्रों और 60 प्रतिशत से अधिक अंक 11 छात्रों ने प्राप्त किए। किसी भी छात्र का अंक 60 प्रतिशत से कम नहीं रहा।

❑ **आईएससी (कक्षा 12) परिणाम**

कुल 108 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी 108 छात्र सफल रहे। विज्ञान वर्ग में मास्टर देवायुश पोद्दार ने 99% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग में मास्टर शिवम दरुका ने 98.25% तथा मानविकी वर्ग में मास्टर मयूख मलिक ने 96.75% अंक प्राप्त किए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक 48 छात्रों को मिले, 80 प्रतिशत से अधिक अंक 36 छात्रों को, 70 प्रतिशत से अधिक अंक 15 छात्रों को तथा 60 प्रतिशत से अधिक अंक 8 छात्रों को प्राप्त हुए।

❑ **आसनसोल परिसर का परिणाम**

आसनसोल स्थित शाखा में आईसीएसई परीक्षा में 30 छात्र सम्मिलित हुए और सभी सफल रहे। मास्टर साम्य मंडल ने 96.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यहां 90 प्रतिशत से अधिक अंक 8 छात्रों को, 80 प्रतिशत से अधिक अंक 11 छात्रों को, 70 प्रतिशत से अधिक अंक 10 छात्रों को तथा 60 प्रतिशत से अधिक अंक 1 छात्र को प्राप्त हुए। विद्यालय के प्राचार्य एवं सचिव राजा मैक्गी ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रबंधन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

## ओशिया हर्बल्स ने संपूर्ण दैनिक सूर्य सुरक्षा के लिए यूवीशील्ड एसपीएफ50 सनस्क्रीन लॉन्च किया

**कोलकाता :** ऐसे समय में जब बढ़ते पर्यावरणीय प्रभावों के कारण त्वचा का स्वास्थ्य सीधे प्रभावित हो रहा है, ओशिया हर्बल्स ने अपने स्किनकेयर पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए यूवीशील्ड सन ब्लॉक फॉर्मूला एसपीएफ50 पीए+++ लॉन्च किया है, जो रोज़ाना उपयोग के लिए उन्नत, ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।उत्पाद के बारे में बोलते हुए, ओशिया हर्बल्स के एक प्रवक्ता ने बताया कि ब्रांड प्राकृतिक और वैज्ञानिक तत्वों को मिलाकर आधुनिक स्किनकेयर चुनौतियों के समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि अपनी हर्बल विशेषज्ञता से जुड़ा रहता है।

## हावड़ा-कोलकाता के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, कई ने 90% से ऊपर अंक किए हासिल



अनुरति शर्मा



तनय गोपाल सिन्हा



हंसिका सिंह



अमोघ विश्वकर्मा

**हावड़ा/कोलकाता, समाज्ञा :** आईसीएसई और आईएससी परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में हावड़ा और कोलकाता के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए मानक स्थापित किए हैं। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने परिवार और संस्थानों का नाम रोशन किया।

वहीं, सेंट एग्नेस कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा **अनुरति शर्मा** ने आईएससी परीक्षा (12वीं) में 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। अनुरति, अनिल शर्मा और गुंजन शर्मा की पुत्री हैं। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी में 96-96 अंक, केमिस्ट्री में 98 और बायोलॉजी में 95 अंक हासिल किए। उनकी इस सफलता पर परिवार और स्कूल में गर्व का माहौल है।

कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेजिएट स्कूल के छात्र **तनय गोपाल सिन्हा** ने आईसीएसई (10वीं) परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तनय ने इतिहास और भूगोल में 99, अंग्रेजी भाषा और साहित्य में 96, हिंदी में 96, गणित में 84 और अर्थशास्त्र में 94 अंक हासिल किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, सेल्फ स्टडी और शिक्षकों के सहयोग को दिया। तनय ने आगे 11वीं-12वीं में ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम लेकर इतिहास और अर्थशास्त्र विषयों में आगे बढ़ने की इच्छा जताई है।

कोलकाता के न्यूटाउन स्थित डीपीएस मेगासिटी की छात्रा **हंसिका सिंह** ने आईएससी (12वीं) परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। हंसिका, संदीप सिंह और सिम्मी सिंह की पुत्री है। उनकी इस सफलता पर परिवार और स्कूल में गर्व का माहौल है।

हावड़ा के लिलुआ स्थित अग्रसेन बॉयज स्कूल के छात्र **अमोघ विश्वकर्मा** ने आईसीएसई बोर्ड में 92.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। अमोघ, विनोद विश्वकर्मा और कविता विश्वकर्मा के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।

## शांतिपुर में दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर में मतदान की रात दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला किया गया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घायल युवकों की पहचान विनय कर और रंजन नंदी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम दोनों युवक मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल, हमले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## हल्दिया में तृणमूल कार्यालय में तोडफोड़, भाजपा पर आरोप

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में तोडफ़ोड़ की घटना सामने आई है। यह घटना बुधवार की देर रात हल्दिया नगरपालिका के 13 नंबर वार्ड में हुई। हल्दिया शहर तृणमूल कांग्रेस के सह-सभापति च्योतिप्रसाद दास का आरोप है कि एक्जिट पोल में भाजपा को बढ़त दिखाए जाने के बाद भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों ने उनके पार्टी कार्यालय पर हमला किया। पार्टी के मुताबिक, हमलावरों ने कार्यालय में घुसकर कुर्सियां, टेबल, बैनर और फ्लेक्स को तोड़ दिया। हल्दिया मंडल-4 के भाजपा अध्यक्ष कार्तिक दास ने कहा कि यह पूरी तरह से तृणमूल के अंदरूनी गुटबाजी का परिणाम है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## बंधन इनोवेशन फंड ने भारत की इनोवेशन-आधारित ग्रोथ में निवेश के दो साल किए पूरे

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन इनोवेशन फंड ने उन बिजनेसेज में निवेश के दो साल पूरे कर लिए हैं, जहां इनोवेशन ही लंबी अवधि की ग्रोथ और वैल्यू क्रिएशन का मुख्य आधार है। प्रतीक पोद्दार, फंड मैनेजर, बंधन इनोवेशन फंड ने कहा कि समय के साथ, इनोवेशन उन कंपनियों के लिए एक निर्णायक कारक के रूप में उभरा है, जो लंबे समय तक टिकने वाला प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करना चाहती हैं। जो बिजनेस सफलतापूर्वक इनोवेशन करते हैं, वे अल्पकालिक आर्थिक साइकिल्स से स्वतंत्र होकर अपनी ग्रोथ को कई गुना बढ़ाने, उत्पादकता और ऑपरेशनल कार्यकुशलता में सुधार करने, बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और पूरी तरह से नए बाज़ार बनाने के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं। फंड का दृष्टिकोण इसी इनसाइट्स को दर्शाता है; यह व्यापक बेंचमार्क में शामिल होने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले ही निवेश करने का प्रयास करता है।

## भारत में शाओमी की नई टीवी एस मिनी एलईडी सीरीज लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई शाओमी टीवी एस मिनी एलईडी सीरीज लॉन्च की है, जो कंपनी की पहली मिनी एलईडी टेलीविजन ला-इनअप है। यह सीरीज उन्नत डिस्प्ले तकनीक के साथ बेहतर होम एंटरटेनमेंट अनुभव देने का दावा करती है। नई सीरीज में क्यूडी मिनी एलईडी तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे बेहतर ब्राइटनेस, गहरा कंट्रास्ट और जीवंत रंग मिलते हैं। इसमें 4के अल्ट्रा एचडी रिजॉल्यूशन, डॉल्बी विजन और एचडीआर10+ जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो सिनेमाई अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनुज शर्मा ने कहा कि यह नई तकनीक बड़े स्क्रीन अनुभव को और उन्नत बनाएगी। 55, 65 और 75 इंच में उपलब्ध यह सीरीज 22 अप्रैल से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी, जिसकी शुरुआती कीमत 51,999 रखी गई है।

# पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की बैठक, सेवा और कौशल विकास के नए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा गुरुवार को फेयरली प्लेस स्थित न्यू कॉन्फ्रेंस रूम में एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार, सेवा कार्यों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार शर्मा (सीएमएम/वैगन एवं राज्य मुख्य आयुक्त) ने की। इस दौरान उनका स्वागत राज्य सचिव द्वारा हस्तनिर्मित पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बैठक में मई और जून माह के दौरान बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत प्रत्येक जिले में लगभग 10,000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही एक नई आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू करने



की योजना भी प्रस्तुत की गई, ताकि जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सके।

संगठन ने सदस्यता विस्तार के लिए केपीए के अंतर्गत 1,200 से अधिक नए नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं, एसटीपी और एमएसपी इकाइयों के लिए सख्त निरीक्षण प्रणाली लागू करने पर भी जोर दिया गया, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। युवाओं को व्यावहारिक और आधुनिक कौशल से लैस करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसमें क्रोकेट, सीपीआर प्रशिक्षण, पत्रकारिता, फोटोग्राफी और एआई आधारित पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा, स्पोकन इंग्लिश के लिए रामकृष्ण मिशन तथा मीडिया प्रशिक्षण के लिए पीआरओ कार्यालय के साथ सहयोग की भी योजना है। कार्यक्रमों में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पहल, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और हैम रेडियो प्रशिक्षण को भी शामिल किया गया है।

बैठक के दौरान राज्य सचिव ने कहा कि संगठन केवल अपनी संख्या नहीं बढ़ा रहा, बल्कि प्रत्येक स्काउट को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बना रहा है। वहीं, शिबराम माझी ने कहा कि प्रशिक्षण में पत्रकारिता और आधुनिक तकनीक को शामिल कर स्काउट्स की प्रेरणादायक कहानियों को देशभर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे अधिक युवा इस सेवा कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और स्काउट्स-गाइड्स के सदस्यों की उपस्थिति में संगठन को अधिक सक्रिय और सामाजिक रूप से प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया।

## आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया की अत्याधुनिक ऑटोमोटिव स्टील उत्पादन लाइन का जापान के राजदूत द्वारा उद्घाटन

**कोलकाता :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस भारत) ने घोषणा की कि कंपनी के गुजरात स्थित हजीरा फ्लैगशिप प्लांट में अत्याधुनिक पिकलिंग लाइन और टैंडम कोल्ड मिल (पीएलटीसीएम) का उद्घाटन भारत में जापान के राजदूत महामहिम श्री केइची ओनो द्वारा किया गया। महामहिम केइची ओनो ने कहा, मैं एएम/एनएस भारत को उनके हजीरा प्लांट में अत्याधुनिक ऑटोमोटिव स्टील शीट उत्पादन लाइन के शुभारंभ के लिए बधाई देता हूँ। जापान की उन्नत तकनीक ने भारत में उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन को नई दिशा दी है। दिलीप ऊम्मेन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), एएम/एनएस भारत ने कहा, एएम/एनएस भारत 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति प्रतिबद्ध है।

## वैल्वोलिन ग्लोबल ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 अभियान में प्रशंसकों की यात्रा को सुरक्षित बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैल्वोलिन ग्लोबल ऑपरेशंस ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपने वैश्विक अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य प्रशंसकों की यात्रा और उन्हें समर्थन देने वाले मैकेनिकों के योगदान का जश्न मनाना है। यह अभियान उन लोगों को समर्पित है जो विश्व कप देखने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं और उन पेशेवरों को भी, जो हर सफर को संभव बनाते हैं। अभियान का मुख्य आकर्षण 'द ओरिजिनल इंजन ऑयल. फॉर द ड्रिवन.' विज्ञापन है, जो प्रशंसकों की भावनाओं और उनकी यात्रा को दर्शाता है। कंपनी के चीफ ब्रांड ऑफिसर माइकल किर्टमैन ने कहा कि यह पहल खेल के प्रति जुनून और सफर की भावना को दर्शाती है। यह अभियान भारत समेत कई देशों में टीवी, डिजिटल और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए प्रसारित किया जाएगा।

## कोटा में बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में व्यक्ति को 20 साल के कारावास की सजा

**कोटा (राजस्थान):** राजस्थान के कोटा की एक पॉक्सो अदालत ने सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी व्यक्ति को बृहस्पतिवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई और 1.10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी वकील वीरेंद्र भानवत ने बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति बारां जिले का रहने वाला है और पीड़िता का रिश्तेदार है। भानवत के अनुसार, व्यक्ति ने एक सितंबर 2024 को दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची को खाने-पीने की चीजों का लालच देकर अपने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। भानवत ने बताया कि दोषी दिहाड़ी मजदूर है।

## झारखंड के गिरिडीह में कार और बस की टक्कर में दो की मौत, पांच घायल

**गिरिडीह (झारखंड):** झारखंड के गिरिडीह जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक कार और बस की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना धनवार थाने के अंतर्गत लाल बाजार इलाके में हुई। धनवार थाने के प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया, एक कार की बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के समय कार में सवार सभी सात लोग शादी के समारोह से लौट रहे थे।

## झारखंड: लातेहार में स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, एक छात्र की मौत, 17 घायल

**लातेहार:** झारखंड के लातेहार जिले में बृहस्पतिवार को स्कूल से बच्चों को ले जा रहा एक ऑटो-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में 12 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई और 17 अन्य बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल पांच छात्रों को बेहतर इलाज के लिए झारखंड के गुमला जिले के एक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना महुआडांड़ थाना क्षेत्र के बास्करा गांव में हुई। करीब 22 छात्रों को ले जा रहा क्षमता से अधिक भरा ऑटो-रिक्शा, चालक के नियंत्रण खो देने के कारण पलट गया। मृतक की पहचान लातेहार के संत मिखाइल स्कूल में कक्षा सात के छात्र अंकुर मिंज के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, घायलों को महुआडांड़ के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। गंभीर रूप से घायल पांच छात्रों को बेहतर इलाज के लिए गुमला के एक अस्पताल में भेजा गया है।

## राजस्थान: अवैध शराब व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए एक मई से शुरू होगा अभियान

**जयपुर:** राजस्थान आबकारी विभाग राज्यभर में अवैध शराब व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए एक मई से 15 मई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने अवैध निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री सहित अन्य राज्यों से तस्करी पर किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने की नीति के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन टीमें गश्त, नाकाबंदी और छापेमारी करेंगी तथा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर प्रमुख मार्गों व टोल प्लाजा पर अवैध खेपों की निगरानी करेंगी। विभाग ने लाइसेंस प्राप्त दुकानों पर भी सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं ताकि शराब निर्धारित बाजार मूल्य पर उचित होलोग्राम के साथ बेची जाए। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, होटल, बार, ढाबों और आयोजन स्थलों पर भी जांच तेज की जाएगी ताकि बिना लाइसेंस शराब की बिक्री का पता लगाया जा सके तथा उल्लंघन की स्थिति में मामले दर्ज किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान नियमित निगरानी और जिला-वार समीक्षा की जाएगी।

## बिहार: राजस्व अधिकारियों की हड़ताल समाप्त, चार मई से कार्य पर लौटेंगे

**पटना:** बिहार राजस्व सेवा संघ के अधिकारियों का नौ मार्च से जारी सामूहिक अवकाश बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। राज्य सरकार द्वारा उनकी प्रमुख मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के आश्वासन के बाद यह गतिरोध खत्म हुआ। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सामूहिक अवकाश के कारण दाखिल-खारिज, परिमार्जन, मापी और भूमि विवाद निपटारा जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुए थे।

# भाजपा मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करती रही है और करती रहेगी: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विधानसभा में 'नारी सशक्तिकरण' को लेकर बुलाये गये एक दिवसीय सत्र में बृहस्पतिवार शाम को चर्चा के दौरान सवाल उठाते हुए कहा कि पंचायती राज में जब 33 प्रतिशत आरक्षण की बात आयी थी तब आप लोगों (भाजपा) ने विरोध किया था या नहीं? योगी ने पांडेय का जवाब देते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के आरक्षण के पक्ष में हमेशा रही है लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण का लगातार विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा, देश ने 1947 के विभाजन की त्रासदी देखी है, ऐसी परिस्थितियां दोबारा न उत्पन्न हों, यह सुनिश्चित करना हर जिम्मेदार राजनीतिक दल का कर्तव्य है और भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं को मिलने वाले राजनीतिक अधिकारों को बाधित करने का प्रयास किया और मजहबी आरक्षण का मुद्दा उठाकर वास्तविक उद्देश्य से ध्यान भटकाया। देश के साथ इससे बड़ा द्रोह नहीं हो सकता, इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा, आपके इस कृत्य की हम घोर निंदा करते हैं। हम इस बात के पक्षधर हैं कि अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़ी जाति से जुड़े लोगों को उनका अधिकार हर हाल में मिलना चाहिए। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन विधेयक का विरोध करने से आपकी जो मंशा सामने आई है, उसकी हम निंदा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आप (विपक्ष) लोगों ने इसकी आड़ में नारी शक्ति को नीति निर्धारण में मिलने वाले उनके अधिकारों से वंचित करने में मजहबी आरक्षण को आधार बनाया। आपका कहना है कि मुस्लिम आबादी के अनुरूप उनको आरक्षण मिलना चाहिए, मुझे लगता है कि देश के प्रति इससे बड़ा द्रोह कुछ नहीं हो सकता और आपके इस कृत्य की हम निंदा करते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सुबह सदन में प्रस्ताव रखते हुए कहा था कि भारतीय संविधान में लैंगिक समानता की स्पष्ट अवधारणा निहित है और राजग सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य क्षेत्रों में व्यापक अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा था, इसके बावजूद उन्हें उनकी जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। महिलाओं को नीति-निर्धारण और निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी मिलनी चाहिए और इसी उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम वर्ष 2023 में पारित किया गया।

## यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों में सपा, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**लखनऊ:** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल के विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद में समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सदन में प्रस्ताव के समर्थन में भारी बहुमत के मद्देनजर इसके पारित होने की घोषणआ की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इस निंदा प्रस्ताव का विरोध किया। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक 17 अप्रैल को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। सदन में 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' पर हुए मतदान के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट डाले गए थे। इससे पहले संसदीय कार्य व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए कहा,' हम महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं और जब तक नारी शक्ति को नीति निर्माण में उचित अधिकार नहीं मिल जाता, हम नारी सशक्तिकरण के विरोधियों की निंदा और विरोध करते रहेंगे।'

## प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के पीड़ितों को मुआवजा मेला प्राधिकरण तय करेगा

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में 29 जनवरी, 2025 को हुई भगदड़ के पीड़ितों के मुआवजे के दावे पर जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण 30 दिनों के भीतर निर्णय करेंगे ना कि राज्य द्वारा नियुक्त न्यायिक जांच आयोग। उक्त आदेश संजय कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की पीठ ने पारित किया। शर्मा ने महाकुंभ भगदड़ में अपने एक रिश्तेदार की मौत के बाद मुआवजे की मांग की थी। न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करने के बाद पीठ ने कहा, आयोग के सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मुआवजे के प्रत्यावेदन पर निर्णय, न्यायिक जांच आयोग के दायरे से बाहर है। अदालत ने कहा कि ना तो अपर महाधिवक्ता और ना ही राज्य सरकार के पैनल के वकील ने भगदड़ की घटना से इनकार किया है। अदालत ने कहा कि जनहानि और संपत्ति के नुकसान को लेकर राज्य सरकार की स्वीकारोक्ति को देखते हुए आयोग को इस बात की जांच करने की जरूरत नहीं है कि भगदड़ की घटना हुई या नहीं। मुआवजे की प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए पीठ ने मेला प्राधिकरण के लिए कुछ सिद्धांत बनाए जैसे मुआवजे का प्रत्येक दावा जिला प्रशासन के समक्ष करना होगा, मेलाधिकारी को किसी व्यक्ति की मृत्यु या उसके संपत्ति के नुकसान का सत्यापन करना होगा आदि।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में राजग सरकार की प्राथमिकताएं अब तक स्पष्ट नहीं: तेजस्वी यादव



पटना: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छह महीने बीत जाने के बाद भी सरकार की प्राथमिकताएं, लक्ष्य, कार्यक्रम और नीतियां स्पष्ट नहीं हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर राज्य सरकार से कई सवाल पूछे और कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद छह महीने के भीतर राज्य ने दो मुख्यमंत्री देख लिए हैं और सरकार के कार्यकाल का पहले साल का 46.03 प्रतिशत समय व्यर्थ हो चुका है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि लगभग 50 प्रतिशत समय बीत जाने के बावजूद सरकार की प्राथमिकताएं और नीतियां तय नहीं हो सकी हैं। उन्होंने कहा कि अधूरे मंत्रिमंडल के साथ बिना विमर्श तथा विचार के निर्णय लिए जा रहे हैं। राजद नेता ने दावा किया कि सत्ता के लोभ में राजग नेताओं ने नैतिकता और लोकलाज की मर्यादाएं त्याग दी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में पांच बार तथा 12 वर्षों में 10 बार सरकार का गठन और पुनर्गठन हुआ है। यादव ने आरोप लगाया कि बार-बार नेतृत्व परिवर्तन और राजनीतिक अस्थिरता के कारण प्रशासनिक अराजकता, सामाजिक अस्थिरता और अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे बिहार दिशाहीन हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य आज बेलगाम नौकरशाही, अनियंत्रित भ्रष्टाचार, कमजोर कानून-व्यवस्था, वित्तीय कुप्रबंधन, गरीबी, पलायन, बेरोजगारी और अविश्वास के दुष्चक्र में फंसा हुआ है।

### भारत-नेपाल सीमा पर दो नाबालिग लड़कियों को मानव तस्करी से बचाया गया

**श्रावस्ती:** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में भारत-नेपाल सीमा के निकट पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और एक गैर-सरकारी संगठन के संयुक्त अभियान में नेपाल की दो नाबालिग लड़कियों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दोनों लड़कियों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के माध्यम से बुधवार को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, गैर-सरकारी संगठन 'देहात इंडिया' के प्रतिनिधि मोहम्मद यूसुफ से मिली सूचना के आधार पर 28 अप्रैल को अभियान चलाया गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी निरोधक (एएचटी) इकाई ने स्थानीय पुलिस, एसएसबी कर्मियों और एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ सिरसिया थाना क्षेत्र के सुईया इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया, जहां भारत-नेपाल सीमा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में दो नाबालिग लड़कियां मिलीं। बयान के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पता चला कि एक लड़की नेपाल के बर्दिया जिले और दूसरी कैलाली जिले की निवासी है। बयान में बताया गया कि महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में दोनों लड़कियों को सुरक्षित निकालकर 'वन स्टॉप सेंट लाया गया और बाद में उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### बिहार: भाजपा नेता के करीबी रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या, एक आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**सीवान:** बिहार के सीवान जिले में विधान परिषद के पूर्व सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता के करीबी रिश्तेदार की कथित 'रोडरेज' की घटना में अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना के कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह के भतीजे हरि सिंह और एक अन्य व्यक्ति चंदन सिंह को नगर थानाक्षेत्र में अंदर ढाला के पास आरोपियों ने गोली मार दी थी। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे सूचना मिली कि ढाला के पास कुछ अज्ञात अपराधियों ने दो लोगों को गोली मार दी। इस घटना में हरि सिंह की मौत हो गई जबकि चंदन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बयान में बताया गया कि घायल व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बाद में सीसीटीवी फुटेज की जांच की और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र निवासी हीरा लाल के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान यादव ने बताया कि विवाद सड़क पर साइड देने को लेकर हुआ था। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि इस अपराध में तीन अन्य लोग भी शामिल थे।

## मूल मुद्दे से भटक रही भाजपा, महिला आरक्षण पर बार-बार 'बदला रुख': अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को महिला आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मूल विषय से भटकने और बार-बार रुख बदलने का आरोप लगाया। अखिलेश ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश विधानमंडल में पारित निंदा प्रस्ताव को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच की। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सत्तारूढ़ दल पर कटाक्ष करते हुए कहा, जो सत्र बुलाकर मूल विषय से पलट गए, वे गिरगिट की आत्म-उपमा दे रहे थे क्या? गिरगिट तो फिर भी सच्चा है जो रंग बदलता है तो दिखता है, लेकिन उनका क्या जो मन में हर क्षण रंग बदलते हैं पर बाहर एकरंग दिखते हैं। उन्होंने कहा, भाजपाई दरअसल बदरंग हैं। पहले इन्होंने परिसीमन के षड्यंत्र का जाल बिछाकर महिला आरक्षण को आने से रोका, अब सीधे-सीधे महिला आरक्षण की बात को 'सशक्तीकरण' का नाम देकर टाल रहे हैं। यादव ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही पारित हो चुका है लेकिन भाजपा और उसके सहयोगी, विशेषकर पुरुषवादी सोच वाले लोग, इसे लागू नहीं होने देना चाहते।

## शाहजहांपुर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत



**शाहजहांपुर:** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि पहली दुर्घटना में दुल्हन की विदाई के बाद लौट रही एक कार खुटार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर रौतापुर गांव के पास तेज रफ्तार एक टैंकर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन महिलाओं और कार चालक की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि परिवार 25 अप्रैल को हुई शादी के बाद दुल्हन की विदाई कराकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कल्पना (25), शैशरी (28), वीना (35) और चालक निर्देश (29) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोर-लेन बाईपास पर तेज रफ्तार एक बोलेरो कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपति और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल गलत दिशा में थी कि तभी सामने से आ रहे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि अरुण (35), दीक्षा (10) और नैतिक (3) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सीमा (32) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, बैंक के पांच कर्मचारियों सहित आठ लोग गिरफ्तार

**कानपुर:** उत्तर प्रदेश पुलिस ने संगठित साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हाई-टेक धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया और साइबर ठगी व हवाला लेनदेन में संलिप्तता के आरोप में पांच बैंक अधिकारियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) से मिले अलर्ट के आधार पर शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के दौरान बर्रा थाना के पुलिस दल ने डिजिटल अरेस्ट घोटालों, फर्जी फर्मों और ट्रस्ट खातों के जरिए अवैध धन के अंतरण में शामिल एक संगठित नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि गिरोह देशभर में साइबर अपराध को अंजाम देता था और अब तक कम से कम 17 मामलों में इसकी संलिप्तता सामने आई है। उन्होंने बताया कि जांच में इस गिरोह के तार नवी मुंबई में सामने आए 58 करोड़ रुपये के एक साइबर घोटाले से भी जुड़े पाए गए, जिसमें कानपुर के एक खाते में 2.5 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था। पुलिस के मुताबिक, गिरोह का सरगना राजवीर सिंह यादव फरार है और वह 'म्यूल अकाउंट' की व्यवस्था कर धन अंतरण करता था। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी फर्मों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेनदेन किया गया, जिसमें सिस्को कॉमर्स इंडिया नाम के एक फर्जी फर्म से जुड़े खाते में तीन माह में 67 करोड़ रुपये और आगरा की राजाराम ट्रेडर्स से जुड़े खाते में सात माह में 53 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ।

## बागपत के दिगंबर जैन मंदिर में शालीन वस्त्र पहनने की अपील, लगाया गया बोर्ड




**बागपत (उप्र):** बागपत जिले के बड़ा गांव स्थित एक दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं से शालीन वस्त्र पहनने की अपील की गई है और इस संबंध में एक बोर्ड लगाया गया है। मंदिर प्रबंधन द्वारा लगाए गए बोर्ड के जरिये श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि मंदिर में प्रवेश करते समय हाफ पैंट, बरमूडा, मिनी स्कर्ट और जींस-टॉप जैसे छोटे या आधुनिक पश्चिमी परिधान पहनकर न आएं। बोर्ड पर लिखी अपील में यह भी कहा गया है कि महिलाएं और बालिकाएं शालीन वस्त्र पहनें तथा सिर ढककर ही मंदिर परिसर में प्रवेश करें। मंदिर प्रबंधन समिति के मंत्री अंकुश जैन ने बताया कि यह पहल धार्मिक स्थल की गरिमा और पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है और इसका मकसद किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर रोक लगाना नहीं है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय मंदिर समिति द्वारा श्रद्धा और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।

## राजस्थान: पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर में पारिवारिक विवाद में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके छोटे भाई ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना पचेरीकलां थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव की है और मृतक की पहचान अनूप के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, अनूप बृहस्पतिवार दोपहर दिल्ली से घर लौटा था और इसी दौरान उसका छोटे भाई अजीत से किसी बात पर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। पुलिस ने बताया कि झगड़े के दौरान अजीत ने ट्रैक्टर से अनूप को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, अनूप को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसे बुहाना के सरकारी अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी बनवारीलाल यादव ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## आईआईएम रांची को 'क्यूएस एक्जीक्यूटिव एमबीए' रैंकिंग 2026 में पहली बार जगह मिली



**रांची:** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रांची ने 'क्यूएस एक्जीक्यूटिव एमबीए' रैंकिंग 2026 में पहली बार जगह बनाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और यह संस्थान भाग लेने वाले आईआईएम में चौथे स्थान पर रहा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान को वैश्विक स्तर पर 201 'प्लस बैंड' में रखा गया है और उसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 33वां स्थान प्राप्त हुआ है।' आईआईएम की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि लंदन स्थित उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा जारी रैंकिंग में संस्थानों का मूल्यांकन पांच प्रमुख मानकों - नियोक्ता प्रतिष्ठा, विचार नेतृत्व/शैक्षणिक प्रतिष्ठा, कैरियर परिणाम, कार्यकारी प्रोफाइल और विविधता - के आधार पर किया जाता है। श्रीवास्तव ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'संस्थान ने विभिन्न मानकों पर संतुलित प्रदर्शन किया है। इसमें करियर के क्षेत्र में विशेष रूप से वेतन वृद्धि और पदोन्नति, तथा एक मजबूत कार्यकारी प्रोफ़ाइल के क्षेत्र में उल्लेखनीय मजबूती देखी गई है, जो प्रतिभागियों के कार्य और प्रबंधन अनुभव को दर्शाती है।'

# पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर, 30 दिन में होगा समस्याओं का समाधान: मुख्यमंत्री चौधरी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंचायतों में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर संबंधित अधिकारी 30 दिनों के भीतर निर्णय सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने पटना के अधिवेशन भवन में राज्य के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। चौधरी ने कहा कि सुशासन तभी माना जाएगा जब उसका लाभ लोगों को समयबद्ध और प्रभावी रूप से मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि बिहार आने वाला प्रत्येक व्यक्ति यहां सुशासन का अनुभव करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग स्थापना के लिए निवेशकों को हर संभव सुविधा दी जा रही है। उन्होंने 20 नवंबर 2025 तक राज्य में पांच



लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है। चौधरी ने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि अगर वे निवेशकों को सुरक्षा और सुविधाओं की गारंटी देंगे तो उद्योगपति राज्य में निवेश के लिए आगे आएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर एक बजे तक अपने कार्यालयों में बैठकर जनता से मिलें और उनकी समस्याओं का समाधान करें, ताकि प्रशासन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

## विकास योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचे। उन्होंने सुशासन तथा पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने पटना के अधिवेशन भवन में जिला अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ पूरी निष्ठा से जनसेवा के लिए समर्पित रहने का निर्देश दिया। चौधरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के माध्यम से विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।' चौधरी ने बताया कि बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति, विधि-व्यवस्था की स्थिति तथा जनसेवा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई।

# राजस्थान : भाजपा विधायक से मारपीट का आरोप, तीन गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस ने गंगानगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक जयदीप बिहाणी से कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पर कटाक्ष करते हुए इसे राज्य में बढ़ती जा रही अराजकता का प्रतीक बताया है। भाजपा विधायक बिहाणी ने आरोप लगाया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे जवाहर नगर इलाके में एसडी बिहाणी कॉलेज में जन सुनवाई के दौरान तीन लोगों ने उन पर हमला किया था। बिहाणी ने कहा कि सुनवाई के दौरान राजस्थान शहरी बुनियादी ढांचा विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के एक सहायक अभियंता ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उन पर हमला किया, जिससे उनकी आंख व चेहरे पर चोटें आईं तथा उनका चश्मा भी टूट गया। विधायक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सहायक अभियंता जगनलाल बैरवा, परियोजना प्रबंधक शाहनवाज और सोहेल परमार को गिरफ्तार किया। परमार निजी कंपनी 'लार्सन एंड टुब्रो' से जुड़ा योजना प्रबंधक है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह जांच का विषय है कि क्या विधायक द्वारा कथित तौर पर गाली-गलौच किए जाने के बाद यह घटना हुई और क्या घटना के दौरान अधिकारियों पर भी हमला किया गया था। यह जनसुनवाई पुरानी आबादी और करणपुर रोड सहित शहर के अनेक इलाकों में पेयजल आपूर्ति में दिक्कतों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। इन इलाकों में निवासियों को कथित तौर पर पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायक से मारपीट की इस घटना को राज्य में बढ़ती जा रही अराजकता का प्रतीक करार दिया है। गहलोत ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''श्रीगंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी के साथ आरयूआईडीपी के अधिकारियों द्वारा मारपीट प्रदेश में बढ़ती जा रही अराजकता का प्रतीक है। एक सत्ताधारी विधायक के साथ ही यदि ऐसी मारपीट होगी तो आम जनता की क्या स्थिति होगी?' कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ऐसी घटनाओं को गंभीरता से ले। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। जूली ने कहा, 'राजस्थान में बढ़ते जंगलराज और अराजकता का आलम यह है कि सत्तारूढ़ भाजपा विधायक भी सुरक्षित नहीं है।' नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा,'...बिहाणी सत्ताधारी पार्टी के विधायक हैं, उनकी पिटाई दिनदहाड़े हो गई तो आम आदमी की तो बिसात क्या है? उसका तो सिर्फ ईश्वर ही सहारा है।'

## गुजरात में एक दशक बाद जंगल में जन्मा 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' का चूजा लापता, शिकार होने की आशंका

**अहमदाबाद :** गुजरात में एक नयी संरक्षण पद्धति के जरिए एक दशक बाद जंगल में जन्मा गंभीर रूप से संकटग्रस्त पक्षी 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' (जीआईबी) का एक महीने का चूजा लापता हो गया है। वन अधिकारियों ने आशंका जताई है कि वह जंगली शिकारी जानवरों का शिकार हुआ है। 26 मार्च को कच्छ के नलिया घास के मैदान में जन्मे इस चूजे का पिछले तीन-चार दिन से कुछ पता नहीं चल पा रहा है। राज्य वन विभाग और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) की टीम चूजे का पता नहीं लगा पाई हैं। प्रभारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपाल सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत के दौरान कहा कि 'जंपस्टार्ट तकनीक' के जरिए गुजरात में जंगल में जीआईबी के चूजे का जन्म इसके संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन आशंका है कि चूजा किसी छोटे शिकारी का शिकार हो गया है। कच्छ वन विभाग ने एक बयान में कहा कि उस पर करीबी नजर रखने के प्रयास किए जाने के बावजूद ऐसा हुआ।

## जन-धन खातों के मामले में उत्तर प्रदेश 64,000 करोड़ रुपये की जमा राशि के साथ शीर्ष पर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने वाली 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले खातों और जमा राशि के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है। राज्य में इस साल अप्रैल तक 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं, जो कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बैंक प्रतिनिधि (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) नेटवर्क का संचालन करने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जन-धन खातों में कुल जमा राशि अप्रैल 2026 तक बढ़कर लगभग 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, आठ अप्रैल 2026 तक जन-धन खातों की कुल संख्या बढ़कर 58.06 करोड़ हो गई जो अप्रैल 2025 में 55.28 करोड़ और अप्रैल 2024 में 52.01 करोड़ थी। जमा राशि में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी देखी गई है। अप्रैल 2024 के 2.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर यह अप्रैल 2026 में 3.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।


## एयरलाइंस ने हज यात्रा किराया 40 हजार रुपये बढ़ाने की मांग की, हमने 10 हजार तक सीमित किया:रीजीजू

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमानन कंपनियों ने भारत के प्रत्येक हज यात्री के लिए हवाई किराये में करीब 30 से 40 हजार रुपये की वृद्धि करने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि यह वृद्धि 10 हजार रुपये से अधिक नहीं हो। उन्होंने यह बयान उस वक्त दिया है जब भारतीय हज समिति ने एक परिपत्र के माध्यम से हज यात्रियों से कहा कि वह अतिरिक्त हवाई किराये के रूप में आगामी 15 मई तक 10 हजार रुपये जमा कराएं। रीजीजू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अनगिनत परिवारों के लिए यह एक सपना होता है कि जीवन में एक बार हज किया जाए। मैं उस भावना का गहराई से सम्मान करता हूं। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण विमान ईंधन की कीमतों में वैश्विक वृद्धि के बीच, एयरलाइंस ने प्रति हजयात्री 300 से 400 डॉलर की भारी बढ़ोतरी की मांग की। विमान ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी के लिए हम एयरलाइंस को भी दोषी नहीं ठहरा सकते।''

## रोहित शेट्टी के घर पर गोलीबारी के मामले में 1624 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर पर हुई गोलीबारी के मामले में विशेष मकोका अदालत में 17 आरोपियों के खिलाफ 1624 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गत 31 जनवरी की देर रात 12:45 बजे जुहू इलाके में शेट्टी के नौ मंजिला घर की पहली मंजिल पर कम से कम पांच गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली इमारत के अंदर स्थित जिम के शीशे पर लगी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य शुभम लोनकर और आरजू बिश्नोई वांछित आरोपी हैं। उन्होंने आगे बताया कि लोनकर और आरजू बिश्नोई ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस घटना की जिम्मेदारी ली थी।

# भारत को 'इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी', जबकि पाकिस्तान को 'इंटरनेशनल टेररिज्म' के लिए जाना जाता है: राजनाथ



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवाद एक ''विकृत और कुटिल'' मानसिकता से उत्पन्न होता है। उन्होंने इसके खिलाफ लड़ाई को केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं बल्कि मानवता के मूल मूल्यों की रक्षा की लड़ाई बताया। आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत के दृष्टिकोण में आए बदलाव को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को एक ''स्पष्ट'' संदेश दिया कि भारत अब आतंकी हमलों के बाद केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की ''पुरानी सोच'' से बंधा नहीं है। उनकी इन टिप्पणियों को पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की परोक्ष आलोचना के रूप में देखा जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने केवल इरादों और बयानबाजी से आगे बढ़कर ''निर्णायक कार्रवाई'' के माध्यम से अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। आतंकवाद को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन पर सिंह ने कहा, ''भारत और पाकिस्तान दोनों एक ही समय आजाद हुए। हालांकि आज भारत को वैश्विक स्तर पर आईटी यानी 'इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी' के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को एक अलग तरह की आईटी यानी 'इंटरनेशनल टेररिज्म' के केंद्र के रूप में देखा जाता है।''

### रक्षा कंपनियों का स्वदेशी प्रौद्योगिकी और प्रणालियों के विकास पर जोर

**नयी दिल्ली :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने वाले हैं और सरकार ने जिस 'आत्मनिर्भर' पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया वह 'और मजबूत' हो रहा है तथा रक्षा क्षेत्र में भारत की निजी संस्थाओं को भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह बात कई रक्षा कंपनियों ने कही। उन्होंने संचार से संबंधित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों सहित अधिक स्वदेशी प्रणालियां तथा प्रौद्योगिकियां विकसित करने की भी पैरवी की, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील डेटा ''भारतीय नियंत्रण में रहें''।

## वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, उरी में रेल सेवा का वादा किया



**श्रीनगर :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली सीधी ट्रेन जम्मू से कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद पूंछ, राजौरी और उरी जैसे दूरदराज इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने पर ध्यान देने का वादा किया। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना पूरी होने के बाद, वैष्णव ने कहा कि पूंछ-राजौरी क्षेत्र को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने और बारामूला जिले के सीमावर्ती कस्बे उरी तक रेल लाइन के विस्तार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। श्रीनगर और जम्मू के बीच सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से दोनों राजधानियों के बीच यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और हर मौसम में सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 जून 2025 को कटरा और श्रीनगर के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया था, जिसे अब जम्मू तवी रेलवे स्टेशन तक विस्तारित किया गया है।

### वंदे भारत ट्रेन की सुरक्षा के लिए आरपीएफ कमांडो तैनात


**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा के लिए 327 किलोमीटर लंबी जम्मू-कटरा-श्रीनगर-बारामूला रेल मार्ग पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के अलावा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कमांडो सहित 21 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में 20 डिब्बों वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा की अवधि घट कर पांच घंटे हो जाने की उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में मिशन प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां मिशन प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लिया जहां व्यापार, प्रौद्योगिकी और रणनीतिक साझेदारियों को आगे बढ़ाकर भारत की वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा हुई। सम्मेलन में विश्वभर के प्रवासी भारतीयों के साथ संबंध मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में आयोजित मिशन प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लिया। हमने व्यापार, प्रौद्योगिकी और रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देकर भारत की वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने और प्रवासी भारतीयों के साथ संबंध मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। इस सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिवों पी के मिश्रा तथा शक्तिकांत दास सहित अन्य ने भाग लिया।

## निजी स्कूल अभिभावकों को किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई भी निजी विद्यालय किसी भी अभिभावक को स्कूल या विशिष्ट विक्रेता से वर्दी व किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता और ऐसा करने वाले स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और यहां तक कि उनका अधिग्रहण तक किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, निजी स्कूल को अपने नोटिस बोर्ड, वेबसाइट और अपने स्टोर (अगर हो तो) वहां लिखित रूप में यह स्पष्ट करना होगा कि अभिभावक वर्दी, किताबें और स्टेशनरी अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता से खरीद सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी निजी स्कूलों के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद की है। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं दिल्ली के किसी भी निजी स्कूल में कभी भी निरीक्षण के लिए जा सकती हूं। उन्होंने कहा कि उनका निरीक्षण पर जाना किसी प्रकार का दिखावा नहीं है, बल्कि यह वास्तविक कार्रवाई है, जो अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों और सुझावों के आधार पर की जा रही है। गुप्ता ने दोहराया कि जहां-जहां अनियमितताएं होंगी, वहां वह स्वयं पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगी। दिल्ली को ठीक करना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन या किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जरूरत पड़ने पर स्कूल का अधिग्रहण भी किया जा सकता है। गुप्ता ने कहा कि यदि स्कूल सुविधा के लिए कुछ दुकानों के नाम सुझाना चाहता है, तो वह पांच-छह विकल्प लिखित रूप में दे सकता है, लेकिन किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं होगी।

## आईसीएसई, आईएससी परिणाम: छात्राओं ने मारी बाजी, 99 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हुईं उत्तीर्ण



**नयी दिल्ली :** भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99.18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। छात्राएं दोनों परीक्षाओं में छात्रों से आगे रहीं। आईसीएसई में, 99.46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99.48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए। श्रेणीवार आंकड़ों के अनुसार आईसीएसई में सामान्य श्रेणी के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.26 प्रतिशत रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.24 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 98.07 प्रतिशत और अनुसूचित जाति में 98.76 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, सामान्य श्रेणी के 99.17 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति में 98.77 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति में 98.84 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई में 67 विषयों में जबकि आईएससी में 45 विषयों में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणाम सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## असम में सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा, पश्चिम बंगाल में बदलाव तय : धर्मेंद्र प्रधान



**बेंगलुरु :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम में सत्ता बरकरार रखेगी जबकि पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने जा रही है। उन्होंने इसका कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के प्रति जनता के भरोसे को बताया। प्रधान ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में लौटने की संभावना है, वहीं केरल और तमिलनाडु में भाजपा नीत गठबंधन के मजबूत प्रदर्शन को लेकर भी वह आश्वस्त हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और असम-इन पांचों प्रदेशों में विधानसभा चुनावों की मतगणना चार मई को होगी। असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में मतदान हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान कराया गया। प्रधान ने कहा, एग्जिट पोल से परे, इन पांचों प्रदेशों (चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश) में चुनाव प्रचार में जुटे हम सभी लोग आश्वस्त हैं कि भाजपा असम में सत्ता बरकरार रखेगी और लंबे समय बाद पश्चिम बंगाल में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ कुप्रशासन, तुष्टीकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार के कारण, भारी सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की नीतियों और पार्टी की प्रदेश इकाई के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वहां सरकार में बदलाव होगा। प्रधान ने कहा कि इस बात की पूरी संभावना है कि पुडुचेरी में ऑल इंडिया एन आर कांग्रेस-भाजपा गठबंधन के नेतृत्व वाला राजग फिर से सत्ता में आएगा।

## विमान किराये से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने देश में निजी एयरलाइनों के विमान किरायों और अन्य शुल्कों में ''अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव'' को सुव्यवस्थित करने संबंधी नियामक दिशानिर्देशों का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर हलफनामा दाखिल नहीं करने को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र को एक अर्जी के साथ हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें शपथ पत्र दाखिल न करने की वजह और इसके लिए अतिरिक्त समय मांगने के कारणों का उल्लेख किया जाए। पिछले साल 17 नवंबर को, शीर्ष न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर केंद्र और अन्य पक्षों से जवाब मांगा था। लक्ष्मीनारायणन ने नागर विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले एक सशक्त और स्वतंत्र नियामक की मांग की थी। बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। केंद्र के वकील ने पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति का हवाला दिया। पीठ ने पूछा, ''यह क्या है? हलफनामा दाखिल करने में आपको क्या दिक्कत आ रही है?'' केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि वे नियम बनाने पर विचार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''आप हलफनामा दाखिल करें और सब कुछ रिकॉर्ड पर रखें। आप हलफनामा दाखिल क्यों नहीं कर सकते? केंद्र का यह क्या रुख है? हमने आपको तीन बार समय दिया है।''

## कर्नाटक: भाजपा नेता की हत्या के मामले में छह दोषियों को मृत्युदंड

**कोप्पल (कर्नाटक) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता वेंकटेश कुरुबारा की 2025 में हुई हत्या के मामले में एक अदालत ने छह दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश सदानंद नागप्पा नायक ने रवि, विजय उर्फ मैलारी, धनराजा, भीमा उर्फ भरत, सलीम और गंगाधर गवली को सजा सुनाई। कोप्पल के पुलिस अधीक्षक राम एल अरसिद्धि ने पत्रकारों को बताया, ''प्राथमिकी पिछले साल आठ अक्टूबर को दर्ज की गई थी। दो महीने के भीतर ही 11 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया। अदालत ने छह लोगों को मौत की सजा सुनाई है।'' आठ अक्टूबर, 2025 की रात को कार में सवार बदमाशों ने भाजपा युवा मोर्चा के गंगावती नगर इकाई प्रमुख कुरुबारा की बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद उन पर धारदार हथियारों और लोहे की छड़ों से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार, व्यक्तिगत दुश्मनी हत्या का कारण थी। अधिकारियों ने बताया कि मामला अदालत में पहुंचने के बाद से कई गवाहों की दलीलें सुनने और उनसे पूछताछ करने के बाद, न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सजा सुनाई।

## अंतरराज्यीय अवैध हथियार गिरोह का भंडाफोड़, गोगी गिरोह से जुड़े पांच लोग गिरफ्तार, 17 पिस्तौल जब्त

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने दो कुख्यात गिरोहों से जुड़े एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़ करके पांच लोगों को गिरफ्तार किया है तथा 17 पिस्तौल और 100 से अधिक कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों में वित्तीय सहायता प्रदान करने वाला राहुल माथुर उर्फ डोगरा, मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता सुरेंद्र उर्फ काला और उसके तीन सहयोगी शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, एक अन्य आपूर्तिकर्ता इकबाल (65) को उत्तर प्रदेश के हापुड़ से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार की आपूर्ति करने वाला यह गिरोह गोगी और दिनेश कालरा के गिरोहों से जुड़ा है। यह अभियान दिल्ली और आसपास के राज्यों में सक्रिय अवैध हथियार आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में खुफिया जानकारी मिलने के बाद चलाया गया। राहुल को सबसे पहले उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह एक वाहन (एसयूवी) में बैठकर फरार होने की कोशिश कर रहा था, और उसके कब्जे से चार हथियार बरामद किए गए।

## कर्नाटक में 'फिलहाल' मुख्यमंत्री पद पर बदलाव नहीं: खरगे



**कलबुर्गी (कर्नाटक) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्नाटक में ''फिलहाल'' मुख्यमंत्री पद पर कोई बदलाव नहीं हो रहा है और राज्य में नेतृत्व का मुद्दा जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उनका यह बयान उस वक्त आया है जब कर्नाटक की सत्तारूढ़ पार्टी और राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि चार मई को चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के नतीजों के साथ कर्नाटक की दो विधानसभा के उपचुनावों के परिणाम आने के बाद नेतृत्व परिवर्तन और कैबिनेट फेरबदल पर फैसले की संभावना है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ सत्ता साझा किए जाने के समझौते से जुड़ी चर्चा को हवा दे रहे हैं। उनका कहना है कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद यह सहमति बनी थी कि पांच साल के कार्यकाल के दौरान सिद्धरमैया और शिवकुमार मुख्यमंत्री पद बारी-बारी से संभालेंगे।

## बेंगलुरु में बारिश ने मचायी तबाही, 10 लोगों की मौत



**बेंगलुरु :** बेंगलुरु में बुधवार शाम हुई भारी बारिश ने तबाही मचा दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए, कई प्रमुख इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। बेंगलुरु के बड़े हिस्सों में लगभग एक घंटे तक अचानक और तेज बारिश हुई, जिससे पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए और निचले इलाकों में पानी भर गया। कई सड़कें जलमग्न होने के कारण आवागमन ठप हो गया, जिससे व्यस्त समय में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। मूसलाधार बारिश के दौरान बॉरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल की एक दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह साल की एक बच्ची भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में दो लोग केरल के थे, जो अध्ययन दौरे पर आए थे। वे दीवार के पास शरण लिए हुए थे, तभी दीवार गिर गई। एक अन्य घटना में 35 वर्षीय रघु की बैनरघट्टा रोड स्थित वेगा सिटी मॉल के पास करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यारब नगर में एक अन्य घटना में छात्र सैयद सुफियान की बारिश के दौरान मोटरसाइकिल खड़ी करते समय बिजली के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई।

# कई राज्यों में बारिश से भीषण गर्मी से राहत, और बौछारें पड़ने का अनुमान



**नई दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार को हुई बारिश और तेज हवाओं ने भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में भी विभिन्न राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और आसपास के इलाकों में अचानक बदले मौसम के कारण तेज आंधी, बारिश और कई स्थानों पर ओलावृष्टि दर्ज की गई। तेज हवाओं की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिससे पेड़ उखड़ने और यातायात प्रभावित होने की घटनाएं सामने आईं।दक्षिण भारत के बेंगलुरु में भी मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगहों पर जलभराव हो गया और पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से यातायात बाधित हुआ। कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत की खबर है, जिनमें अस्पताल की दीवार गिरने से हुई मौतें भी शामिल हैं। पूर्वी भारत के पश्चिम बंगाल में भी बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हावड़ा जिले के अमता में 24 घंटों में 97 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 4 मई तक राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का अनुमान जताया है। उप-हिमालयी जिलों जैसे दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।उत्तरी भारत के हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शिमला समेत कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण 2 से 6 मई तक राज्य में बारिश की संभावना जताई गई है।

## पंजाब में सीमा पार मादक पदार्थ और हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को सीमा पार से मादक पदार्थ और हथियार तस्करी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार अत्याधुनिक पिस्तौल और पांच कारतूस भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तरनतारन के लाहुका गांव के निवासी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श (21) और तरनतारन के मोहल्ला जसवंत सिंह नगर के निवासी तरसेम सिंह उर्फ कैरन उर्फ पहलवान (31) के रूप में हुई है।

## गुजरात के द्वारका में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई, 2.27 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन मुक्त



**देवभूमि द्वारका :** गुजरात के देवभूमि द्वारका प्रशासन ने अवैध निर्माणों को हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2,400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को खाली कराया, जिसकी अनुमानित कीमत 2.27 करोड़ रुपये बताई गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देवभूमि द्वारका के उप-मंडल मजिस्ट्रेट अमोल अवाटे ने बताया कि सभी अवैध निर्माण तटरेखा से लगभग 200 से 400 मीटर की दूरी पर स्थित थे, जबकि एक निर्माण तटरेखा से मात्र 50 मीटर की दूरी पर था। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तटीय क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की और लगभग 2,400 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया, जिसकी अनुमानित कीमत 2.27 करोड़ रुपये है। ओखा में रक्षा भूमि के समीप स्थित एक संरचना को भी हटाया गया। अधिकारियों के अनुसार जिला प्रशासन और पुलिस ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की। समुद्र तट और ओखा-द्वारका राजमार्ग के किनारे बनी अवैध धार्मिक संरचनाओं को भी ध्वस्त किया गया।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर बंद

**मुंबई:** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर बंद हुआ। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने के बीच रुपय में तेजी आई। हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और इसकी बढ़त पर अंकुश लगाया।

### सोना 2,000 रुपये उछलकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी फिसली

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। इस तेजी का कारण वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझान और कमजोर डॉलर है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,000 रुपये यानी 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### भारत में 'अमेजन नाउ' पर ऑर्डर में हर महीने 25 प्रतिशत की वृद्धिः अमेजन सीईओ

**नयी दिल्ली:** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की त्वरित आपूर्ति सेवा 'अमेजन नाउ' को मिलने वाले ऑर्डर भारत में हर महीने 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेजन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि 'अमेजन नाउ' सेवा के तहत 30 मिनट के भीतर हजारों उत्पादों को घरों तक पहुंचाया जाता है और इस सेवा का उपयोग शुरू करने के बाद 'प्राइम' ग्राहकों की खरीदारी की दर तीन गुना हो गई है। भारत में 'अमेजन नाउ' सेवा की शुरुआत 2025 की पहली तिमाही में की गई थी। शुरुआत में इसे बेंगलुरु के कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रखा गया था लेकिन फिलहाल यह सेवा दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बेंगलुरु में उपलब्ध है।

# मुक्त व्यापार समझौते निर्यात को बढ़ावा देने, रोजगार सृजित करने में मददगार होंगे: गोयल



**मुंबई:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू वस्तुओं को शुल्क-मुक्त पहुंच देने, देश के निर्यात को बढ़ावा देने और लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित करने में मदद करेंगे। गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने हाल ही में एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड भारत में 20 अरब डॉलर (करीब दो लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। गोयल ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, हम भारतीय उद्योग के लिए नए बाजार खोल रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए कदम उठा रहे हैं...। पिछले साढ़े तीन वर्षों में हमने नौ एफटीए को अंतिम रूप दिया है।... हाल ही में हमने न्यूजीलैंड के साथ समझौता किया है। इससे लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि यह दूसरी बार है जब किसी व्यापार समझौते में भारत को 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का आश्वासन मिला है। इससे पहले यूरोपीय देशों के चार देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) के साथ हुए समझौते में 100 अरब डॉलर का निवेश वादा किया गया था।

## सरकार ने वोडाफोन आइडिया की एजीआर देनदारी 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये की




**नयी दिल्ली:** सरकार ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसकी समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) देनदारी करीब 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये कर दी है। इसके साथ बकाया भुगतान पर पांच वर्ष की मोहलत भी दी गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल, 2026 के अपने संचार में सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर 2025 तक एजीआर बकाये को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है। इससे पहले दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर देनदारी 87,695 करोड़ रुपये तय की थी। हालांकि इस देनदारी को बाद में पुनर्मूल्यांकन के अधीन रखा गया था। नियामकीय सूचना के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया को अंतिम बकाया राशि 10 वर्षों की अवधि में दो चरणों में चुकानी होगी। इसके तहत वित्त वर्ष 2031-32 से 2034-35 तक चार वर्षों में हर साल न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। शेष राशि वित्त वर्ष 2035-36 से 2040-41 के दौरान छह समान वार्षिक किस्तों में देनी होगी, जो प्रति वर्ष लगभग 10,608 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा, कंपनी को वित्त वर्ष 2018 और 2019 से संबंधित एजीआर बकाये के लिए मार्च 2026 से मार्च 2031 तक हर साल 124 करोड़ रुपये का अलग से भुगतान करना होगा। यह इस पुनर्मूल्यांकन का हिस्सा नहीं है। एजीआर दूरसंचार कंपनियों की वह समायोजित आय है जिसके आधार पर उन्हें सरकार को लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क का भुगतान करना होता है। इसकी बकाया देनदारी को लेकर वोडाफोन आइडिया की सरकार के साथ लंबे समय से चर्चा चल रही थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 31 दिसंबर, 2025 को वोडाफोन आइडिया के एजीआर बकाये को स्थिर करते हुए पांच वर्ष की मोहलत देने का निर्णय लिया था। यह कदम उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उठाया गया था जिसमें सरकार को अतिरिक्त एजीआर मांग पर पुनर्विचार करने और बकाये का समग्र पुनर्मूल्यांकन करने की अनुमति दी गई थी।

## कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार फिसला, सेंसेक्स 583 अंक टूटा



**मुंबई:** कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 116.2 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, शुरुआत में घबराहट भरी बिकवाली के बाद बाजार में सुधार देखने को मिला। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही सरकार




**नयी दिल्ली:** सरकार रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकने और पात्र उपभोक्ताओं तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) के तहत 14 मार्च को जारी अधिसूचना में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण आदेश, 2000 में संशोधन करते हुए पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखना या या उसे भराने को प्रतिबंधित कर दिया था। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोहरा गैस कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं का आकलन किया जा रहा है। अब तक 43,000 से अधिक ऐसे उपभोक्ता अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हालांकि यह संख्या अपेक्षा से कम है। हमें यह आंकड़ा अधिक होने की उम्मीद है। संशोधित आदेश के अनुसार, पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं को अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा। इसके अलावा पीएनजी कनेक्शन धारकों को नया एलपीजी कनेक्शन लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी तेल कंपनियों और उनके वितरकों को ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन देने या सिलेंडर भरने से मना किया गया है। यह कदम उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिनके पास पाइपयुक्त रसोई गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति पर बने वैश्विक दबाव के बीच भारत के लिए अपने गैस आवंटन को नए सिरे से समायोजित करना पड़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है।

## एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द, चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियों को होगा फायदा




**नयी दिल्ली:** सरकार चीनी कंपनियों में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे। मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीन/हांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा।



## थॉमस कप फाइनल्स: क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगा भारत



**होर्सेंस (डेनमार्क):** भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है। इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं। मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

# एक ही प्रारूप में खेलने से लय पर असर पड़ता है लेकिन रोहित-कोहली संभाल लेंगे: धवन

**नयी दिल्ली:** अपने करियर के आखिर में स्वयं सिर्फ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले शिखर धवन समझते हैं कि मैच की कमी से लय कैसे बिगड़ सकती है लेकिन उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए यह कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि 2027 विश्व कप से पहले उनके पास खेलने के लिए काफी मैच होंगे। स्वयं के अनुभव से सीखते हुए धवन ने माना कि मैच की कमी से खिलाड़ी की लय बिगड़ सकती है। धवन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'हां, जब आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ एक ही प्रारूप खेलते हैं तो आपकी लय बिगड़ जाती है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए खिलाड़ी फिटनेस पर ध्यान देते हैं क्योंकि आप बहुत अधिक मैच नहीं खेल रहे होते। आप रोहित और विराट की बात कर रहे हैं और वे काफी समझदार खिलाड़ी हैं। यह एक चुनौती है लेकिन वे जानते हैं कि चुनौती को मौकें में कैसे बदलना है।' लगभग 7000 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले धवन ने कहा, 'अगर आप उनकी फिटनेस देखें तो विराट हमेशा से फिट रहे हैं लेकिन रोहित ने अपनी फिटनेस में जबरदस्त बदलाव किया है।' धवन ने कहा कि अगले एकदिवसीय विश्व कप से पहले इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को लय में आने के काफी मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा, 'अब जब 2027 विश्व कप नजदीक है तो उन्हें खेलने के लिए बहुत सारे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मिलेंगे। अगर आप उस समय को देखें जब मैं सिर्फ एक ही प्रारूप का खिलाड़ी बन गया था तो उस समय लगातार टी20 विश्व कप (2021 और 2022) हो रहे थे और मैं एकदिवसीय अंतरराष्ट्र्य खेल रहा था जो कि बहुत कम होते थे। इसलिए रोहित और विराट के लिए मैच की कोई दिक्कत नहीं होगी और इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए अभी काफी समय है।' उभरती हुई प्रतिभा की ओर ध्यान दिलाते हुए धवन ने जोर देकर कहा कि सबसे शीर्ष स्तर पर किए गए प्रदर्शन को उम्र से जुड़ी चिंताओं से अधिक अहमियत मिलनी चाहिए और उन्होंने युवा वैभव सूर्यवंशी के निडर अंदाज का उदाहरण दिया।

### धवन के 'दा वन स्पोर्ट्स' ने ग्वालियर में 'हाई परफोर्मेंस सेंटर' लांच किया



**नयी दिल्ली:** शिखर धवन के 'दा वन स्पोर्ट्स' ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर में मध्य प्रदेश लीग और बुंदेलखंड बुल्स के साथ साझेदारी में 'आदित्य वर्ल्ड क्रिकेट अकादमी' में अपना पहला हाई परफोर्मेंस सेंटर' (एचपीसी) लांच किया। 'दा वन एचपीसी' पूरे भारत में इस तरह का पहला सेंटर है। इस पहल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि युवा खिलाड़ियों की पहचान, ट्रेनिंग और उन्हें खेल के शीर्ष स्तर के लिए तैयार करने के तरीके को नया रूप दिया जा सके। ग्वालियर में 'दा वन स्पोर्ट्स' की अगुवाई पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता सबा करीम तकनीकी निदेशक के तौर पर करेंगे। धवन के बचपन के कोच मदन शर्मा मेंटोर होंगे। धवन ने पीटीआई से कहा, ''क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है इसलिए यह मेरा फर्ज है कि मैं इस खेल और इस देश के युवाओं को कुछ वापस दूं।'

## ड्रेसिंग रूम के अंदर वेपिंग करने के लिए पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना



**नयी दिल्ली:** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर बृहस्पतिवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन पर यह जुर्माना मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान कैमरे पर वेपिंग (ई-सिगरेट) करते पकड़े जाने के बाद खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप में लगाया गया। मंगलवार रात रॉयल्स की पारी के दौरान पराग के इस काम की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। पीटीआई को पता चला है कि मैदानी अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच खत्म होने के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इस मामले की शिकायत नहीं की थी। उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने इसका वीडियो सबूत देखा। इसके बाद शर्मा ने आईपीएल के नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पराग को दोषी पाया। लेवल एक के अपराधों के लिए मैच फीस में से 25 प्रतिशत की कटौती और एक डिमेरिट अंक का प्रावधान है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''रियान ने अपराध और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया है।' बयान के अनुसार, 'आईपीएल की साख को बनाए रखने के लिए बीसीसीआई गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दूसरे विकल्पों पर भी विचार कर रहा है।'

# विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया



लंदन: भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई। पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को ही अपने अंतिम ग्रुप मैच खेलेंगी।

## गुजरात टाइटन्स ने आरसीबी को चार विकेट से हराया

**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटन्स ने संतुलित प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराकर आईपीएल में अहम जीत दर्ज की।पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर सिमट गई। टीम की शुरुआत आक्रामक रही, जिसमें विराट कोहली ने तेज 28 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 40 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन मध्यक्रम के लगातार विकेट गिरने से टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। गुजरात की ओर से जेसन होल्डर (2/29) और राशिद खान (2/19) ने प्रभावी गेंदबाजी की, जबकि फील्डिंग में भी होल्डर ने तीन शानदार कैच लपके। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात को कप्तान शुभमन गिल (18 गेंद में 43 रन) और जोस बटलर (19 गेंद में 39 रन) ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में तेजी से रन जोड़कर दबाव कम किया। हालांकि बीच के ओवरों में कुछ विकेट गिरने से मुकाबला थोड़ा रोचक हुआ, लेकिन अंत में राहुल तेवतिया ने नाबाद 27 रन बनाकर टीम को 15.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट लेकर अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन छोटा स्कोर टीम के काम नहीं आया। इस जीत के साथ गुजरात टाइटन्स ने अंकतालिका में अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि आरसीबी को झटका लगा।




वर्ष 11, पूर्णांक 3579 अंक 045 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in